डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 108 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 27 मार्च 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# सेना में दिखेगा बड़ा बदलाव, आठ महिलाओं ने चुना है विकल्प

- 92 साल में पहली बार आईएमए में कदम रखेंगी महिला अधिकारी
- एनडीए में 126 महिला कैडेट्स ले रही हैं ट्रेनिंग, 8 सेना में जाएंगी

**देहरादून (एजेंसी)।** तीन साल पहले सुप्रीम कोर्ट के बड़े फैसले के बाद 92 साल में पहली बार देहरादून के इंडियन मिलिटरी अकैडमी में महिला अधिकारियों को भी ट्रेनिंग दी जाएगी। जुलाई 2025 में ही नेशनल डिफेंस अकैडमी खड़गवासला से महिला अधिकारियों का पहला बैच ग्रैजुएट होने वाला है। इसके बाद महिला अधिकारियों को तीनों सेनाओं की अलग-अलग ट्रेनिंग के लिए अलग-अलग संस्थानों में भेजा जाएगा। आईएमए ने भी अब अपने दरवाजे महिला अधिकारियों के लिए खोल दिए हैं और उन्हें प्रशिक्षण देने की तैयारी में जुट गया है। एनडीए में आखिरी चरण की ट्रेनिंग ले रहीं कुल 18 में से 8 महिलाओं ने थल सेना को विकल्प के तौर पर चुना है। इन महिला अधिकारियों को आईएमए में एक साल की ट्रेनिंग दी जाएगी और इसके बाद वे कमीशन हो जाएंगी। एक अधिकारी ने कहा कि महिला अधिकारियों का पहला बैच मई में ही एनडीए से पास हो जाएगा। अगस्त 2022 में ये महिलाएं एनडीए में पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि एनडीए में इस



समय 126 महिला अधिकारियों की ट्रेनिंग हो रही है। 92 साल में पहली बार है जब यहां महिला अधिकारियों की ट्रेनिंग होगी। फिलहाल आईएमए में ही महिलाओं की ट्रेनिंग नहीं होती थी। अगस्त 2021 में ही सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि महिलाएं भी एनडीए की परीक्षा देकर सेना में अधिकारी बन सकती हैं। इससे पहले कुछ चुनी हुई ब्रांच में ही महिलाओं को शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत रखा जाता था। एक अधिकारी ने बताया कि आईएमए में महिला कैडेट्स के रहने के लिए अलग व्यवस्था की जाएगी। वहीं महिलाओं और पुरुषों की ट्रेनिंग साथ में ही करवाई जाएगी। आईएमए के अधिकारियों ने तैयारी के लिए ऑफीसर्स ट्रेनिंग अकैडमी चेन्नई और एयरफोर्स अकैडमी डुंडील और नेवल अकैडमी का दौरा किया। अधिकारी ने कहा कि जिस तरह से 30 साल से ओटीए में महिला अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है, वैसी ही व्यवस्था आईएमए में भी की जाएगी। बता दें कि यूपीएससी एनडीए की हर साल परीक्षा करवाता है।

## शपथ ग्रहण के साथ नए मेयरों को मिला बड़ा तोहफा

**पंचकूला (एजेंसी)।** हरियाणा के पंचकूला में 10 नगर निगमों के मेयर, 28 नगर पालिका–परिषद के प्रधान और 687 वार्डों के पार्षदों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान इनकी सेलरी भी बढ़ाई गई है। सबसे पहले अंबाला उपचुनाव में मेयर चुनी गई भाजपा की शैलजा सचदेवा ने शपथ ली। उसके बाद यमुनानगर से सुमन



बहमनी, करनाल से रेणुबाला गुप्ता, पानीपत से कोमल सैनी, फरीदाबाद से प्रवीन जोशी, गुरुग्राम से राज रानी, मानेसर से निर्दलीय डॉ. इंद्रजीत यादव, हिसार से प्रवीन कुमार पोपली, रोहतक से राम अवतार वाल्मीकि और सोनीपत से राजीव जैन ने शपथ ली। फिर नगर पालिकाओं के प्रधान ने शपथ ली।

## दिल्ली में पहली बार 1 लाख करोड़ का बजट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीवेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार



से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। साथ ही दिल्ली सरकार भी इसमें अपनी ओर से 5 लाख रुपए जोड़ रही है। यानी आयुष्मान योजना के तहत 10 लाख का इलाज मुफ्त मिलेगा। रेखा गुप्ता ने कहा–एएपी ने अपना शीश महल बनवाया, हम गरीबों के घर बनाएंगे। आपने लाखों रुपए के टॉयलेट बनवाए, हम गरीबों को शौचालय बनवाएंगे।

## बंगाल में हिंदू और हिंदी बोलने वालों के खिलाफ ऐक्शन

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सोमवार को कहा कि टीएमसी मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने की आड़ में हिंदू और हिंदी भाषी मतदाताओं के नाम हटा रही है। संवाददाता



सम्मेलन को संबोधित करते हुए अधिकारी ने दावा किया कि 27 फरवरी के बाद से कई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने कहा, हिंदू मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। मैं निर्वाचन आयोग से कृष्णानगर के बीडीओ को बर्खास्त करने का आग्रह करता हूं।

## राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सांसद के घर हमला



आगरा (रॉयल पत्रिका) | राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया।

1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। 14 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

बवाल के वक्त सांसद रामजीलाल सुमन दिल्ली में थे। जिस समय उनके घर हमला हुआ, वहां से 1 किमी दूरी पर सीएम योगी का कार्यक्रम चल रहा था।

बैरिकेडिंग तोड़ी, एक्सप्रेस-वे से शहर में घुसे

करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। कार्यकर्ता जयश्री राम का नारा लगा रहे थे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकने की कोशिश की, लेकिन वे एक्सप्रेस-वे से शहर के अंदर घुस गए। इधर, सुरक्षा को देखते हुए सपा सांसद की सोसाइटी के दोनों गेट बंद करा दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी घर से बाहर नहीं निकलेगा।

सपा और करणी सेना के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

करणी सेना के कार्यकर्ताओं के हंगामे को रोकने के लिए सपा कार्यकर्ता भी सांसद के घर पहुंच गए। उनकी करणी सेना के कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। हालांकि फिर भी हालात संभाल नहीं पाए। कई थानों की फोर्स पहुंची, तब जाकर पुलिस कार्यकर्ताओं को खदेड़ पाई।

## "पूर्व सीएम विधानसभा में एक दिन भी नहीं आते"- भजनलाल शर्मा



जयपुर (रॉयल पत्रिका) |मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम अशोक गहलोत पुराने वादों और सोशल मीडिया पर सक्रियता को लेकर आमने सामने हो गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर विधानसभा में नहीं आने और सोशल मीडिया पर सक्रिय रहकर सुर्खियों में रहने को लेकर बात कही। इस पर अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को विपक्ष में रहते हुए एमएसपी पर बाजरा खरीदने के मांग पर किए गए प्रदर्शन की मीडिया पोस्ट को याद दिलाते हुए पलटवार किया।

बीकानेर में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोग हमेशा झूठ व लूट की बात करते है। जाति-पांति में बांटने का काम करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा में तो एक भी दिन आए नहीं, लेकिन आए दिन सोशल मीडिया पर चलते हैं। वो सुर्खियों में रहना चाहते हैं और वो बात कहते हैं। मैं जरा उनसे कहना चाहता हूं आप पोस्ट करते हैं, उससे पहले अपनी पोस्ट तो देख लीजिए। जब आपके 5 साल की सरकार थी। उन कामों को देख लीजिए कि राजस्थान की जनता के लिए आपने क्या किया था। ये सोशल मीडिया से काम नहीं चलता है। राजस्थान की जनता के बीच जाना होता है। उनके दुख और दर्द को समझना पड़ता है। जो दुख और दर्द होता है उसे ठीक करने का काम भी सरकार का होता है। हमने हर क्षेत्र में काम किया है। हम किसान को 2027 तक सस्ती व दिन में बिजली देंगे।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल शर्मा पर पलटवार किया। गहलोत ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि मुख्यमंत्री ने एक सरकारी कार्यक्रम में जनता की शिकायतें बताने वाले और सरकार की कमियां उजागर करने वाले मेरे पोस्ट पर टिप्पणी की। गहलोत ने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए लिखा कि मैं आपको लगभग ढाई साल पुराना आपकी पोस्ट याद दिलाना चाहता हूं जिसमें आप कांग्रेस सरकार से बाजरे की एमएसपी पर खरीद की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। गहलोत ने लिखा कि मुख्यमंत्रीजी, आपकी सरकार को अब डेढ़ साल होने जा रहा है। आपके घोषणा पत्र में भी बाजरे की एमएसपी पर खरीद का वादा था। आज आप बता ही दीजिए कि एमएसपी पर बाजरे की खरीद आप कब से शुरू करने वाले हैं?

## पीएम मोदी पूरी कैबिनेट के साथ देखेंगे 'छावा' फिल्म

- संसद में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग, 27 मार्च की तारीख तय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे और मराठा शासक रहे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बनाई गई फिल्म छावा पिछले काफी दिनों से देश भर के सिनेमा घरों में धूम मचाई हुई है। अब जानकारी मिल रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद भवन में इसको देखने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार संसद में होने वाली इस विशेष स्क्रीनिंग के दौरान कई केंद्रीय मंत्री और सांसद शामिल होने वाले हैं। ये स्क्रीनिंग संसद भवन पुस्तकालय के बालयोगी ऑडिटोरियम में होने वाली है। गुरुवार दिनांक 27 मार्च को संसद में होने वाली स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान छावा फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद रहेगी। इस फिल्म में संभाजी महाराज की भूमिका निभाने वाले विक्की कौशल भी रहने वाले हैं। पीएम मोदी द्वारा मुगल शासक औरंगजेब के खिलाफ संभाजी महाराज के साहस और संघर्ष को दर्शाने के लिए बनाई गई फिल्म की सराहना करने के एक महीने बाद यह फिल्म अब संसद भवन में प्रदर्शित की जा रही है। बीते 21 फरवरी को पीएम मोदी महाराष्ट्र में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में थे, जहां उन्होंने छावा की जमकर तारीफ करते हुए कहा था कि महाराष्ट्र और मुंबई ने मराठी और हिंदी सिनेमा को नई ऊंचाइयां दी है। इन दिनों छावा पूरे देश में धूम मचाए हुए है। इसमें महाराजा संभाजी की वीरता की कहानी को सही तरीके से दिखाया गया है। ये फिल्म शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास पर बनाई गई है।

# जज कैश केस, जस्टिस वर्मा के घर पहुंची जांच टीम

- स्टोर रूम में गई, यहां 500-500 रुपए के अधजले नोटों से भरी बोरियां मिली थीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास पर मंगलवार दोपहर सीजेआई की गठित 3 सदस्यीय टीम (इन हाउस पैनल) जांच के लिए पहुंची है। टीम उस स्टोर रूम में गई जहां 500-500 के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं। जांच टीम में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। इससे पहले 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके पैरेंट कोर्ट



(इलाहाबाद हाईकोर्ट) वापस ट्रांसफर करने की सिफारिश का प्रस्ताव जारी किया। कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया कि 20 और 24 मार्च 2025 को हुई बैठकों में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश की है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के इस फैसले पर आपत्ति जताई। बार आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। 23 मार्च को भी दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को वापस इलाहाबाद भेजने की बात का इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने विरोध किया था। 23 मार्च को ही जस्टिस वर्मा से दिल्ली हाईकोर्ट ने कार्यभार वापस ले लिया था। बार ने जनरल हाउस मीटिंग बुलाई थी।

## डिप्टी सीएम बैरवा को जान से मारने की दी धमकी, केस दर्ज

जयपुर कमिश्नरेट के कंट्रोल रूम में बुधवार शाम को एक व्यक्ति ने कॉल कर डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी देकर हड़कंप मचा दिया। धमकी की सूचना मिलते ही अलर्ट हुई टीमों ने बदमाश की तलाश शुरू कर दी। धमकी देने वाले कॉल की आखिरी लोकेशन घाटगेट मिली थी। ऐसे में पुलिस टीमों ने आस-पास के इलाके में सर्च शुरू कर दी। धमकी देने वाले खुद का नाम अनिल बताया।

इस संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम के एएसआई ताराचंद ने विधायकपुरी थाने में रिपोर्ट दी कि बुधवार शाम को कंट्रोल रूम की 100 नंबर हेल्पलाइन पर एक कॉल आया। सामने वाले ने खुद का नाम अनिल बताया और कहा



कि आज रात को डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को मार दूंगा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## वक्फ बिल के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन की तैयारी

- मुस्लिम लॉ बोर्ड आज पटना, 29 को विजयवाड़ा में रैली करेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में प्रदर्शन करेगा। संगठन ने 17 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बिल के विरोध में प्रदर्शन किया था। कल यानी 26 मार्च को पटना और 29 मार्च को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में प्रदर्शन की तैयारी है। प्रदर्शन में लॉ बोर्ड, विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के राष्ट्रीय और प्रांतीय प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। साथ ही सिविल सोसाइटी, अल्पसंख्यक समुदायों के प्रमुख प्रतिनिधि, दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्गों के नेता भी इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। भाजपा सांसद और वक्फ संशोधन विधेयक के लिए बनाई गई जॉइंट




पार्लियामेंट्री कमेटी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मंगलवार को कहा कि सरकार ज्यादा से ज्यादा लोगों के फायदे के लिए बिल में संशोधन कर रही है। असदुद्दीन ओवैसी देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। बिहार में नीतिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। वहीं आंध्र प्रदेश में भी एनडीए खेमे के चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री हैं। दोनों पार्टियों के बलबूते ही केंद्र की सरकार चल रही है। अगर ये दोनों दल एनडीए से अलग हो जाएं तो भाजपा सरकार अल्पमत में आ जाएगी। दरअसल, केंद्र में सरकार बनाने के लिए 272 का आंकड़ा जरूरी है। फिलहाल एनडीए के पास 292 सांसद हैं। यानी बहुमत से 20 ज्यादा। नीतिश कुमार की जेडीयू के पास 12 और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी के पास 16 सांसद हैं। दोनों का आंकड़ा 28 सांसदों का है। यानी दोनों ने समर्थन वापस लिया तो केंद्र सरकार के पास बहुमत के लिए 8 सांसद कम पड़ेंगे। लॉ बोर्ड ने देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है दिल्ली में प्रदर्शन के बाद बोर्ड ने 23 मार्च को नोटिस जारी कर देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की थी।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## नाइंसाफी का बुलडोजर...

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट को एक बार फिर तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी है। हैरत की बात है कि देश की शीर्ष अदालत के बार-बार कहने के बावजूद, महाराष्ट्र से लेकर यूपी तक बुलडोजर के जरिये कथित इंसाफ की कोशिश जारी है, जबकि कानून इसकी इजाजत नहीं देता।

सुनवाई का मौका नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने जिस घटना पर कहा कि यह उसकी अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है, वह प्रयागराज की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर उनके मकान गिरा दिए गए। इसी तरह, महाराष्ट्र के मालवण में एक कबाड़ व्यापारी के घर पर ++ बुलडोजर चलाने के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय नगर परिषद को नोटिस जारी किया है। लेकिन सबसे ज्यादा चौकाती है नागपुर की घटना, जहां हाल में घटी हिंसा के आरोपियों के घर नगर निगम ने ध्वस्त करा दिए।

अधिकारों का उल्लंघन

हर जगह पुलिस-प्रशासन के काम करने का तरीका एक जैसा दिखता है। जिस भी मामले से बड़े जनसमुदाय की भावनाएं जुड़ी होती हैं, उनमें फटाफट आरोपियों की संपत्ति की नाप-जोख शुरू हो जाती है। एक दिन नोटिस जारी होता है और अगले दिन बुलडोजर पहुंच जाता है अपील करने तक का मौका नहीं दिया जाता, जो हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। नागपुर मामले में ही बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने आरोपियों की प्रॉपर्टी के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी, लेकिन जब तक आदेश आता, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

संदेह की वजह

प्रशासन का तर्क है कि निर्माण अवैध था। लेकिन, क्या बिना उचित सुनवाई के कार्रवाई करना वैध है? जो अवैध निर्माण बरसों से खड़ा है, जिस पर किसी अथॉरिटी की नजर नहीं जाती, अचानक वह इतना खतरनाक हो जाता है कि आनन-फानन में बुलडोजर चलाना पड़ता है। ऐसी ही तेजी सारे अवैध निर्माणों के खिलाफ क्यों नहीं दिखती? और इससे भी बड़ा सवाल है कि इतना बड़ा अवैध निर्माण हो कैसे जाता है? सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2024 में कहा था कि दंडात्मक उपायों के रूप में बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है एक्शन से पहले नोटिस और सुनवाई का वक्त देना होगा सुप्रीम कोर्ट ने आदेश का उल्लंघन करने वाले अफसरों पर कार्रवाई तक की चेतावनी दी थी, लेकिन इसका असर होता नहीं दिख रहा और होगा भी क्यों, जब सरकारें खुद इसे प्रमोट करेंगी। इस पर रोक लगनी चाहिए।

# नशे में था रक्षित या गड्ढे से हुआ एक्सीडेंट?



गुजरात के वडोदरा में 8 लोगों को कुचलने के बाद 'एक और राउंड' और 'ओम नमः शिवाय' चिल्लाते रक्षित चौरसिया का वीडियो तो आपने देख लिया होगा। रक्षित का कहना है कि सड़क पर गड्ढे की वजह से एक्सीडेंट हुआ। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक आरोपी रक्षित ने 'भांग' खाने की बात कबूली है। पुलिस सैंपल लेकर नशे की जांच कर रही है। एक्सीडेंट के वक्त बगल की सीट पर बैठे प्रांशू चौहान से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

13 मार्च की रात करीब 11:15 बजे। गुजरात के वडोदरा के पॉश इलाके करेलीबाग में आम्रपाली कॉम्प्लेक्स का इलाका। एक काले रंग की तेज रफ्तार फॉक्सवैगन वर्टस कार ने 3 व्हीकल को टक्कर मारी, जिसकी चपेट में 8 लोग आ गए। एक महिला को कई फीट तक घसीटने के बाद कार रुक गई।

मौके पर मौजूद लोग कार के पास पहुंचे और वीडियो बनाने लगे। कार में 2 युवक सवार थे। कार में ड्राइवर के बगल की सीट पर बैठा युवक ड्राइवर से अपना हाथ झिड़कते हुए निकला। उसने कार चला रहे युवक की ओर इशारा करके कहा- ये पागल है ***। मैंने कुछ नहीं किया, वो गाड़ी चला रहा था। उसने किया।

इसके बाद कार चला रहा युवक भी बाहर निकलता है और जोर-जोर से चिल्लाने लगता है- Another Round (एक और चक्कर)...! निकिता-निकिता, ओम नम: शिवाय... ओम नमः शिवाय!

हादसे में 37 साल की महिला हेमाली पटेल की मौत हो गई, जो अहमदाबाद से वडोदरा एक रिश्तेदार के यहां आई थी। इसके अलावा 7 लोग घायल हुए हैं, इनमें दो बच्चे भी शामिल है। घायलों को वडोदरा के शुकन हॉस्पिटल, दोषी हॉस्पिटल, जाइडस और एसएसजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। 3 घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

मौके पर मौजूद लोगों ने रक्षित को पकड़कर पिटाई शुरू कर दी। पुलिस पहुंची तो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बगल की सीट पर बैठा प्रांशू चौहान घटनास्थल से निकल भागा था। पुलिस ने कुछ घंटे में उसे भी पकड़ लिया।

जिस कार से एक्सीडेंट हुआ उसका आरटीओ पंजीकरण नंबर GJ06RA6879 है। इसका मालिकाना हक डीऑन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के पास है, जिसके निदेशक प्रशांत बहेटी, विक्रम जैन और जिग्नेश दोशी हैं। हालांकि पुलिस ने पुष्टि की है कि कार प्रांशु चौहान के पिता की थी।

1. पुलिस का वर्जनः वडोदरा जोन-4 की डीसीपी पन्ना मोमाया ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की जांच के लिए ब्लड सैंपल लिए। रेपिड टेस्ट में पता चला कि दोनों ने होलिका दहन के दिन ड्रग्स लिया था। मेडिकल टेस्ट कराया गया है। रिपोर्ट जल्द सामने आएगी।

पुलिस का यह भी कहना है कि रक्षित ने बयान में भांग पीने की बात कबूल की है। उसने अपने दोस्तों के साथ हादसे के कुछ घंटों पहले भांग पी थी। वडोदरा के पुलिस कमिश्नर नरसिम्हा कोमार ने कहा, 'पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स जांच कर रहे हैं। यह पता लगाने के लिए मेडिकल टेस्ट जरूरी है कि क्या वे शराब या किसी अन्य पदार्थ के नशे में थे।'

2. आरोपी का वर्जन: आरोपी रक्षित ने मीडिया को बताया, 'मैं 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से कार चला रहा था, तभी सड़क पर गड्ढों की वजह से मेरा कंट्रोल खो गया। इस वजह से हादसा हुआ। मैं नशे में नहीं था। मैं मृतक के परिवार से मिलना चाहता हूं क्योंकि मेरी गलती थी। वे जो चाहते हैं, वही होना चाहिए। मैंने कोई पार्टी नहीं की। मैं होलिका दहन के लिए गया था और नशे में नहीं था।

3. स्थानीय समाचार पत्र का वर्जन: एक स्थानीय समाचार पत्र की मानें तो आरोपी ने दुर्घटना के बाद कार की खिड़की से सड़क पर इम्पोर्टेड वोडका की बोतल फेंकी थी। बोतल स्वीडिश थी और सड़क के डिवाइडर से टकरा गई थी। यह किसी के शराब परमिट पर बेची गई बोतल थी।

पुलिस ने ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। जल्द ही पता लग जाएगा कि आरोपी नशे में था या नहीं और उसने किस तरह का नशा किया था।

एक्सीडेंट के बाद रक्षित ने जोर-जोर से चिल्लाकर तीन चीजें कहीं- 'एक और राउंड', 'निकिता' और 'ओम नमः शिवाय'। जब रक्षित से चिल्लाने के बारे में सवाल किया गया तो उसने कहा, वहां कई सारे लोग थे। वो उन्हें दूर भगाने के लिए चिल्ला रहा था।

निकिता नाम की लड़की को लेकर सवाल पूछा गया तो रक्षित ने कहा- 'मैं बहुत घबराया हुआ था, इसलिए लड़की का नाम मुंह से निकल गया। लड़की कोई नहीं है।'

हालांकि जिस तरह से रक्षित ने रैंडम नाम लिए और बिहेवियर दिखाया, वो आमतौर पर नशे में धुत होने के लक्षण हैं। भांग, गांजा और शराब का प्रमुख लक्षण यही है कि खुद पर कंट्रोल नहीं रहता। व्यक्ति क्या बोल रहा है और क्या कर रहा है उसमें समन्वय नहीं बिठा पाता।

रक्षित ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर महादेव की तस्वीर लगा रखी है। नशे में व्यक्ति की भावनाएं अतिरंजित या अप्रत्याशित हो सकती हैं, इसलिए रक्षित ने भी ओम नमः शिवाय बोलना शुरू कर दिया होगा। या हो सकता है उसके दिमाग में कहीं ये बात हो कि शायद ऐसे धार्मिक नारे लगाने से भीड़ उसे ना पीटे और वो वहां से आसानी से निकल जाए।

वडोदरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ BNS की धारा 105, 281, 125 (A), 125 (B), 324 (5) और मोटर वाहन अधिनियम 1988 के सेक्शन 177 और 184 के तहत केस दर्ज किया है। ये ड्रंकेन ड्राइव, हिट एंड रन और गैर-इरादतन हत्या से जुड़ी धाराएं हैं।

धारा 105: गैर इरादतन हत्या के आरोपियों पर लगाई जाती है। गैर इरादतन हत्या का मतलब जब आरोपी का मर्डर करने का पहले से कोई प्लान नहीं होता है, लेकिन जब वो अपराध करता है तो उसे इसकी जानकारी होती है कि इससे मौत हो सकती है।

धारा 105 गैर जमानती है। यानी पुलिस बिना किसी वारंट के आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है। इस मामले में पुलिस बेल नहीं दे सकती। हालांकि कोर्ट से बेल मिल जाती है। इसके तहत दोषी माने जाने पर कम से कम 5 साल की सजा या उम्रकैद तक हो सकती है। साथ ही इसमें अपराध की गंभीरता को देखते हुए जुर्माना भी लगाया जाता है।

धारा 281: जो कोई व्यक्ति सार्वजनिक रास्तों पर इतनी लापरवाही से गाड़ी चलाता है कि किसी इंसान की जान को खतरा हो सकता है, तो इस धारा में केस दर्ज होता है। इसके तहत 6 महीने की जेल, 1 हजार रुपए का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

धारा 125 (A) और 125 (B): BNS की धारा 125 के तहत सजा अपराध की गंभीरता पर निर्भर करती है।

125 (A) के तहत अगर किसी व्यक्ति को मामूली चोट लगती है, तो दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 6 महीने की कैद या 5 हजार रुपए जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

125 (B) के तहत किसी व्यक्ति को गंभीर चोट लगने पर दोषी को 3 साल तक की कैद या 10 हजार रुपए तक जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

धारा 324 (5): अगर कोई व्यक्ति शरारत करता है जिससे किसी व्यक्ति का 1 लाख रुपए या उससे ज्यादा का नुकसान होता है तो 5 साल की जेल और जुर्माने की सजा मिलती है।

इसके अलावा मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत सामान्य यातायात उल्लंघनों के पहले अपराध के लिए 500 रुपए तक और दूसरे अपराध के लिए 1500 रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है।

वहीं, धारा 184 के तहत खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने पर 1 साल तक की जेल या 5 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। दोबारा अपराध करने पर सजा और जुर्माना दोनों बढ़ सकते हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊँचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। यहाँ हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादें लेकर आते है।

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। प्राचीनकाल से मनुष्य वस्तुओं का परिवार के लिए संचय ही करते आया है। इस संचय का वह सीमित लाभ ही उठा पाता है। जानते हुए भी मनुष्य की प्रवृत्ति संचय की होती है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## हैप्पीनेस

डॉ. राजेश के. पिलानिया



## खुशी की सरल-कठिन चुनौती

*खुशी के बारे में सरल बात यह है कि यह बहुत कठिन है*
*खुशी के बारे में कठिन बात यह है कि यह बहुत सरल है!*

खुशी को अक्सर जीवन का अंतिम लक्ष्य बताया जाता है। हम में से ज्यादातर लोग खुशी की तलाश करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी, हमारे आसपास बहुत सारा तनाव और नाखुशी है। खुशी की यात्रा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक चुनौती है खुशी की सरल-कठिन चुनौती। अपने पंद्रह साल के खुशी के काम में, मैंने लोगों के दो बड़े समूह देखे हैं: जो लोग खुश हैं और जो लोग खुश नहीं हैं। जब मैं नाखुश लोगों से मिलता हूं, तो मैं एक आम समस्या देखता हूं, जिसे मैं खुशी की सरल-कठिन चुनौती कहता हूं।

अपने संवादों में, मैं नाखुश लोगों की बात धैर्य से सुनता हूं।

लोगों का एक समूह ऐसा है जो कहता है,

"खुशी बस खुश रहना है।" "खुशी बस मन की स्थिति है।" "खुशी मेरे अंदर है।" "खुशी के बारे में क्या सीखना है?" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी आसान और सरल है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। लोगों का एक दूसरा समूह है जो कहता है,

"खुशी बहुत मुश्किल है।" "पता नहीं खुश कैसे रहें।" "खुशी मेरे लिए नहीं है।" "मुझे यकीन नहीं है कि मैं खुश हो सकता हूँ।"

"पहले मुझे अपनी जिम्मेदारियां, काम संभालना है, और बाद में खुशी।"

"मोक्ष और निर्वाण प्राप्त करना इतना असंभव है।" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी मुश्किल और जटिल है। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। वे खुश होने को निकट भविष्य में एक संभावना के रूप में नहीं देखते और खुश होने की कोशिश करने से पहले ही हार मान लेते हैं। यही है जिसे मैं सरल-कठिन चुनौती कहता हूं, यानी कुछ लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी आसान है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। दूसरे लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी मुश्किल है और इसे आजमाते ही नहीं। यह खुशी के अनुशासन या हमारे लिए अच्छा नहीं है। हमें खुशी का एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। खुशी न तो उतनी सरल है और न ही उतनी मुश्किल जितना हम सोचते हैं। हमें यह जागरूकता होनी चाहिए कि स्थायी खुशी मुश्किल है, लेकिन इसे छोटे कदमों से शुरू करके और निरंतरता बनाए रखकर आसान बनाया जा सकता है। व्यवहार विज्ञान में शोध दिखाता है कि छोटे से शुरू करके हमारे व्यवहार को बदलना संभव है। मस्तिष्क विज्ञान में शोध यह भी दिखाता है कि जब हम छोटे कदमों से शुरू करते हैं जो कम ऊर्जा लेते हैं, तो हमारा मस्तिष्क इसका समर्थन करता है। खुशी की यात्रा पर रोजाना छोटे कदम उठाकर और इसका आनंद लेकर, निरंतरता बनाए रखते हुए, हम प्रभावी ढंग से खुशी की यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं। खुशी के बारे में सही ज्ञान प्राप्त करके, इसके सकारात्मक प्रभाव को महसूस करके, इसे अधिक गंभीरता से लेकर, इसे अपना समय, ऊर्जा और ध्यान देकर, छोटे कदमों से शुरू करके लेकिन निरंतर बने रहकर, हम खुशी की यात्रा को सफलतापूर्वक पार कर सकते हैं और रास्ते में आने वाली चुनौतियों, जैसे कि खुशी की सरल-कठिन चुनौती, का ध्यान रख सकते हैं।

(लेखक प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सकारात्मक सोच से दूर होगा डिप्रेशन

आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में आज बहुत से लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। यह भी सच है कि जब किसी को दो वक्त की रोटी नसीब न हो पाए, बच्चों की पढ़ाई का खर्च पूरा न हो पाए या फिर दूसरे जरूरी खर्च पूरे न हो पाए तो ऐसी परिस्थितियों में कोई भी व्यक्ति तनाव में आ सकता है। फिर भी कोशिश करनी चाहिए कि दिल-दिमाग पर तनाव हावी न हो पाए, क्योंकि तनाव लेने से किसी भी समस्या का हल तो नहीं निकल सकता। डिप्रेशन बहुत से लोगों की जान का दुश्मन बनता आ रहा है। कोई डिप्रेशन का शिकार न हो, इसके लिए किसी को भी न तो घर-परिवार में और न ही अपने ऑफिस में नकारात्मक बातें करनी चाहिए। सकारात्मक सोच से ही डिप्रेशन दूर होगा।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### अलगाववाद अब इतिहास



कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### दिल्ली का होगा विकास



हमारी सरकार का संकल्प है कि विकसित दिल्ली बजट में सिर्फ वादे नहीं, बल्कि मजबूत नींव डाली जाएगी। स्मार्ट इंफ्रा, सुगम सड़कें और स्टीम लैस कनेक्टिविटी के साथ अब दिल्ली होगी और अधिक विकसित और सुविधाजनक।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सोना सुरक्षित निवेश



जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत अनिश्चितता होती है, तो सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है। सबसे सुरक्षित निवेश के रूप में, सोना चमकने वाला है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### ब्रह्मांड का हिस्सा



आप इस विशाल ब्रह्मांड का एक छोटा सा महत्वहीन हिस्सा है... फिर भी इस क्षण आपके अस्तित्व के बिना ब्रह्मांड का ताना-बाना ढह जाएगा... आप इस क्षण में इतने महत्वपूर्ण है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### न्यूयार्क में मनाया गया बिहार दिवस



न्यूयॉर्क में 'बिहार दिवस' मनाने के लिए शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति एवं विरासत को सराहा गया और राज्य से संबंध रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के चार विशिष्ट सदस्यों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 'बिहार फाउंडेशन यूएसए' (ईस्ट कोस्ट) ने बताया कि यह आयोजन उसके, भारतीय वाणिज्यदूतावास और 'बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (बीजेएएनए) के सहयोग से किया गया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए जिन्होंने बिहार की संस्कृति, उसके द्वारा की गई प्रगति और दुनियाभर में उसकी बढ़ती मौजूदगी को सराहा। इस अवसर पर महेश कुमार ('टाइगर एनालिटिक्स' के संस्थापक), डॉ. अभिषेक तिवारी ('केपीएमजी' कंपनी के 'ग्लोबल हेड ऑफ पीपल'), शरद कुमार ('बैंक ऑफ अमेरिका' के प्रबंध निदेशक) और कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश झा को 'बिहार विश्व गौरव सम्मान' दिया गया। इन सभी को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्त, कृषि और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

## ऑफ बीट

### जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम



जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स - कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

रॉयल पत्रिका

# भारत भूमि “अन्नपूर्णा” है, गौ धन संरक्षण के साथ रसायन मुक्त कृषि को बढ़ावा दें - राज्यपाल




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत भूमि “अन्नपूर्णा” है। उन्होंने कहा कि फसल की वृद्धि एवं उससे उत्पादन लेने के लिए जो तत्व चाहिए वे सब भूमि में मौजूद हैं। उन्होंने गाय के गोबर का खाद के रूप में उपयोग कर रसायन मुक्त कृषि पद्धति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान में देशी गाय के उपलब्ध दूध को महत्वपूर्ण बताया तथा गौ धन संरक्षण के लिए गौ शालाओं और अन्य किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

बागडे बुधवार को जयपुर में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् द्वारा आयोजित राष्ट्रीय किसान एवं गौपालक सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्र स्तरीय कृषि स्टार्टअप मेले के रूप में आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वदेशी तकनीकों को प्रोत्साहन देने, किसानों के उत्पादों के प्रमाणन और ब्रांडिंग के लिए भी कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने और किसान की बाजार पर निर्भरता को खत्म कर उन्हें लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने गाय को कामधेनु बताते हुए कहा कि मनुष्य के पोषण का बड़ा आधार गाय है। उन्होंने गाय, किसान और प्रकृति संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता जताई।

राज्यपाल ने सभी स्थानों पर गौ पालन, औषधीय पौधों, सरकार की योजनाओं से किसानों को मिलने वाले लाभों, स्टार्टअप किसान हित में निवेशकों के सम्मेलन आदि की पहल करने पर जोर दिया। सम्मेलन में जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. बलराज सिंह, अतुल गुप्ता, पवन अरोड़ा आदि ने भी गौ आधारित कृषि को बढ़ावा दिए जाने की बात कही।

राज्यपाल बागडे ने इससे पहले गौ पूजन किया और गाय को हरा चारा खिलाया। उन्होंने किसान मेले के विभिन्न स्टालों का भी अवलोकन किया।

# पेयजल आपूर्ति कराने व नियमित फील्ड विजिट करने के दिए निर्देश



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बुधवार को अलवर जिले में अपने आवास पर जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्त, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल आपूर्ति के संबंध में परेशानी का सामना नहीं करने पडे। इसके लिए आमजन के दूरभाष, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान करें। नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आमजन से पेयजल आपूर्ति का फीडबैक भी लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी बोरिंगों को यथाशीघ्र चालू कर पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

# 70 लाख 9000 पुरुषसूक्त राम मंत्र की दी यजमानो ने सीताराम महायज्ञ में छठें दिन आहुति



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका) मनोहरपुर कस्बे के समीप गठवाड़ी घाटी धाम में चल रहे ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री अन्नदाता महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री श्री 1008 श्री बाबूराम दास महाराज के सानिध्य एंव महायज्ञ के आचार्य वैदिक भूषण पण्डित द्वारका प्रसाद लाटा के आचार्यत्व में नवदिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ के पँचम दिवस बुधवार तक 70 लाख 9000 पुरुषसूक्त ,राममंत्र की आहुति यजमानो से दिलवाई गयी। महायज्ञ के आचार्य द्वारका प्रसाद लाटा ने बताया कि प्रतिदिन की भांति यजमानो से विधिवत पूजन अर्चन मण्डप पूजन आवाहित देवताओं पूजन करवाकर महायज्ञ में आहुति दी। है। यज्ञ मण्डप में आचार्य पण्डित द्वारका प्रसाद लाटा ने कहा कि दानी बनो तो कर्ण और राजा बलि जैसे बनो भगवान ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांग ली जिसमे भगवान ने पूरा ब्रह्माण्ड नाप लिया था। जब ही तो कहते है तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा।महायज्ञ के ब्रह्मा पण्डित मोहित शर्मा ने कहा कि कर्म ही आपकी पहचान है सभी को नेक कर्म करने चाहिए।पण्डित राजनारायण पाण्डेय ने कहा कि सभी विद्वानों और यजमानो ने भगवान के प्रति समर्पित होकर हवन कर रहे है। महायज्ञ में पण्डित सन्दीप शर्मा , चेतन गौड़,ने बताया कि पुरुषसूक्त, राममंत्र एंव श्रीसूक्त से प्रतिदिन यजमानो से स्वहाकर आहुति के साथ यजमानो को बताया गया कि जो आपको यज्ञ मण्डप में भगवान के ध्यान सुनाते है वह भगवान को प्रसन्न करने के लिए होता है। यज्ञ कमेटी सदस्य तोताराम अग्रवाल धोला वालो ने बताया कि महाराज श्री श्री 1008 बाबूराम दास महाराज के द्वारा प्रतिदिन यज्ञ मण्डप में ब्राह्मण देवताओं को दक्षिणा भेट होती है।महायज्ञ में साधु संतों ने पहुँचकर प्रधान कुंड पर आहुतियां प्रदान करी।त्रिवेणी धाम खोजीपीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री रामरिछपाल देवाचार्य महाराज ने ,गठवाड़ी श्री बन्ना दास महाराज की तपोस्थली से श्री सीताराम दास महाराज,हरिकिशनपूरा से श्रवण दास महाराज भी महायज्ञ में पहुँचकर प्रधानकुंड पर आहुति प्रदान की। एंव सभी विद्वानों को दक्षिणा भेट करी।

महायज्ञ की कमेटी के मातादीन शर्मा,महेश भारद्वाज ने बताया कि भंडारा नित्य प्रातः9:00 बजे से शुरू हो जाता है। हरिनारायण सीताराम शर्मा ने बताया कि दोपहर में रासलीला के आयोजन में भगवान कृष्ण ने कालिया नाग की लीला का मंचन हुआ। भक्तों का रासलीला में कृष्ण लीला ने मन मोह लिया।

# कांग्रेस पार्टी की मज़बूत करे कार्यकर्ता- विधायक मनीष यादव



शाहपुरा (रॉयल पत्रिका)। शहर के त्रिवेणी रोड स्थित निजी गार्डन में बुधवार को ब्लॉक बी के कार्यकर्ताओं की बैठक शाहपुरा विधायक मनीष यादव की मौजूदगी व ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जमवारामगढ़ के पूर्व विधायक गोपाल मीणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आरसी चौधरी, पीसीसी सदस्य राजेन्द्र यादव, प्रभारी माया सुवालका, प्रधान मंजू शर्मा, प्रवक्ता एडवोकेट संदीप कलवानियां ने बतौर अतिथि शिरकत की। बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने की रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर विधायक मनीष यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत बूथ स्तर पर कांग्रेस मजबूत है। कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं के बल पर ही पार्टी प्रदेश व देश में मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति के बारे में आमजन को अवगत करवाने की बात कही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मीणा ने कहा कि संगठन के आला नेताओं के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। कड़ी में जयपुर ग्रामीण में तथा शाहपुरा विधानसभा में विधायक मनीष यादव के निर्देशन में पार्टी को मजबूत करने के लिए दोनों ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई है। आरसी चौधरी ने कहा कि संगठन में शक्ति है जिसे आगे बढ़ाना है। ब्लॉक का पदाधिकारी बूथ स्तर पर जाकर ऐसी मजबूत टीम बनाई जिससे कांग्रेस पार्टी की रीति नीति जन जन तक पहुंचे सके। माया सुवालका ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की असली पूंजी बताया। ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी ने कहा कि विधायक मनीष यादव ने नेतृत्व में बूथ स्तर पर शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूती प्रदान की जा रही है। प्रधान मंजू शर्मा, पूर्व प्रधान नंदलाल गोठवाल, पूर्व चेयरमैन प्रेम देवी, मुकेश खुडानियां, अर्जुन मोहनपूरिया, उप चेयरमैन राजेन्द्र सारण ने भी पार्टी को मजबूत करने की बात कही। कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही वे विधानसभा में अपनी बात पूरी ताकत के साथ रख पा रहे हैं। पीसीसी सचिव प्रवीण व्यास ने भी सभी कांग्रेस जनों से 1 मंच पर आकर पार्टी को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि वह किसी भी समस्या या सुझाव के लिए उनसे कभी भी संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान कांग्रेस महासचिव जितेंद्र शर्मा, सरपंच रामनिवास, पंसस शिवराम गुर्जर, पार्षद प्रेम देवी, असलम, प्रहलाद, अर्जुर, रामावतार, बिपिन बिहारी, रामस्वरूप, ओमप्रकाश, अर्जुन मोहनपुरिया, अल्लादीन, रामेश्वर, राजेन्द्र, मुकेश खुडाणिया, जितेन्द्र, आलोक, कजोड़, मंगल, निहाल, अक्षय, मूलचंद, कैलाश स्वामी, चंद्रभान पलसानिया, विशाल पलसानिया आदि मौजूद थे।

# कृषक कल्याण से साकार हो रहा समृद्ध राजस्थान का सपना- जिला प्रमुख

## - राजस्थान दिवस स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन हुआ किसान सम्मेलन का आयोजन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में प्रदेश के किसानों की भूमिका बेहद अहम है। किसान देश के अन्नदाता हैं, किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। यह कहना है जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा का। रमा देवी ने यह बात हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया, जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों और जनप्रतिनिधियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देखा। बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया।

साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए।

ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए। पीएमएफएमई योजना के तीन एफपीओ को अनुदान के तथा एक एफपीओ को शेयर मनी के चौक वितरण किए गए।

कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जिले के प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# चार बीघा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त अन्य स्थानों से हटाए अवैध निर्माण



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-04 में टोंक रोड़ दुर्गापुरा, एयरपोर्ट एन्कलेव कॉलोनी के पास जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती 50 करोड़ रूपये की करीब 3200 मीटर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 में ग्राम वाटिका में चंदलाई रोड़ में जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि एवं ग्राम ग्वार ब्राह्मणान् में जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-08 में निजी खातेदारी करीब 01 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ दुर्गापुरा, एयरपोर्ट एन्कलेव कॉलोनी के पास खाली पड़ी जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती करीब 3200 मीटर सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से 06 झुग्गी-झोपड़िया, तिरपाल, बांस तम्बू लगाकर, 01 मकान, लेटबाथ बनाकर व अन्य अवैध निर्माण कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 50 करोड़ रूपये है।

जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम ग्वार ब्राह्मणान् में जिला जयपुर के खसरा नं. 633, 634 व 637 जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से पत्थर, मलबा, लकडी की छड़ियां डालकर अवैध कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम वाटिका में चंदलाई रोड, जिला जयपुर के खसरा नं. 5706, 5711 व 5712 जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल बनाकर, सीमेन्ट के पिल्लर गाड़कर, तारबंदी कर अवैध कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

इसी प्रकार जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर “जगदीष विहार“ के नाम से प्लाटों के लिए बनाई गई सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन, लोखण्डा मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-04, 14, 08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा व वर्ष 2025 में 311 बीघा आज तक कुल 1128 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है एवं वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 93 आज तक कुल 476 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर श्री कैलाष चन्द्र बिष्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in & enforcement.jda@rajasthan.gov.in द पर अवैध निर्माण/ कब्जा/ अतिक्रमण इत्यादि की षिकायत/ परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

# राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर तीन युवतियों का राष्ट्रीथय युवा संसद के लिए हुआ चयन




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थासन विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को यहां विधान सभा में विकसित भारत युवा संसद में राष्ट्रीनय स्तीर के लिये चयनित तीन युवतियों को प्रमाण पत्र और स्मृनति चिन्हह प्रदान कर सम्मायनित किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी।

विधान सभा अध्य क्ष ने विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने आये प्रदेश के विभिन्न जिलों के युवाओं को भी निरंतर मेहनत करने के लिये कहा।

विधान सभा अध्यशक्ष देवनानी ने जयपुर की हर्षिता शर्मा को प्रथम, बीकानेर की मनीषा जोशी को द्वितीय और अलवर की रिंकी खातून को तीसरे स्थानन पर चयन के लिये सम्मा नित किया।

इस युवा संसद के लिए केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राजस्थान के सभी जिलों से 18 से 25 वर्ष के 140 युवाओं का चयन किया गया था। विधान सभा सदन में बुधवार को दिनभर हुई चर्चा में प्रत्योक युवा ने ‘‘संविधान के 75 वर्ष” विषय पर तीन मिनट में अपने विचार व्यक्तय किये। 140 युवाओं में से तीन युवाओं का चयन विधायक डॉ. कैलाश वर्मा, डॉ. शिखा बराला और मनीष यादव ने किया। ये चयनित युवा राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेंगे। युवा संसद की कार्यवाही राजस्था न विधान सभा के सदन में प्रात: 10 बजे से सायं 7.30 बजे तक चली।

विधान सभा अध्यसक्ष देवनानी ने प्रदेश भर से युवा संसद में भाग लेने आये युवाओं के साथ विधान सभा के मुख्य3 द्वार के समीप समूह फोटो सेशन भी करवाया।

# अभिप्रेरणा इंस्टीट्यूट मनोहरपुर में मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन




मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर कस्बे में स्थित अभिप्रेरणा इंस्टीट्यूट ऑफ़ एग्रीकल्चर में कृषि विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया व वर्तमान समय में कृषि शिक्षा के महत्व के बारे में कृषि विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई।

संस्थान निदेशक जितेंद्र कपूरिया ने बताया कि अभिप्रेरणा इंस्टिट्यूट परिक्षेत्र के कृषि शिक्षा को आगे बढ़ाने में हमेशा अग्रसर रहा है तथा आने वाली 30 मार्च 2025 को संस्थान के द्वारा जेट/CUET के नए बैच प्रारंभ करने की जानकारी दी गई।

सेमिनार में कृषि विशेषज्ञ व कृषि अनुसंधान अधिकारी रामावतार बराला, कृषि अनुसंधान अधिकारी मनोज मीणा, सहायक कृषि अधिकारी दीप सिंह चौधरी, सब इंस्पेक्टर किशनलाल गढ़वाल व जितेंद्र कपूरिया ने बच्चों को कृषि शिक्षा के प्रति व भविष्य में हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# दिवसीय ‘राजस्थान आईटी दिवस 2025’ का उद्घाटन गुरुवार को

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय ‘राजस्थान आईटी दिवस 2025’ समारोह का शुभारंभ गुरुवार को किया जाएगा। 27 और 28 मार्च को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित होने वाला यह समारोह तकनीक, नवाचार और उद्यमिता का विशेष संगम होगा।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव और आयुक्त अर्चना सिंह ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं, स्टार्टअप्स, निवेशकों और उद्योग जगत को एक मंच पर लाकर तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना, सहयोग के नए अवसर पैदा करना और राजस्थान को डिजिटल प्रगति के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। समारोह में 4 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें स्टार्टअप से जुड़ीं प्रतिभाएं, उद्योग जगत के दिग्गज और विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। समारोह में एआई, फिनटेक, सस्टेनेबल टेक और उद्यमिता से जुड़े विषयों पर विमर्श किया जाएगा।

**गेम जैम होगा विशेष आकर्षण**

समारोह में लगभग 50 गेमिंग से जुड़ीं प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी। गेम जैम की शुरुआत में एक प्रॉब्लम स्टेटमेंट दिया जाएगा। साथ ही संसाधन और गाइडलाइंस दी जाएंगी। इसके अंतर्गत टीमें मौके पर ही गेम बनाएंगी और आखिर में टीमें अपने गेम को सबमिट करेंगी। टॉप 8 गेम्स लाइव जूरी के सामने पिच करेंगे, जिनमें से टॉप 2 का चयन किया जाएगा।

**तकनीक का जादू, रचनात्मकता का रंग**

‘राजस्थान आईटी दिवस 2025’ में तकनीक और टैलेंट का संगम होगा। 20 स्कूली स्टार्टअप अपने आइडिया देंगे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ को फंडिंग और मेंटरशिप का उपहार मिलेगा। इसके अलावा 25 प्रोडक्ट कंपनियां और 50 टेक स्टार्टअप्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और 25 शैक्षणिक संस्थानों के इनोवेशन भी चमक बिखेरेंगे। समारोह के दौरान एआई, कोडिंग, रोबोटिक्स और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर सत्र भी होंगे।

**आईटी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की उपस्थिति में होगा समापन समारोह**

28 मार्च को दोपहर 3 बजे समापन समारोह में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर ई-गवर्नेंस अवॉर्ड्स बांटे जाएंगे और ओबीएमएस पोर्टल और ऐप की लॉन्चिंग की जाएगी। रोजगार विभाग की नई वेबसाइट लॉन्च की जाएगी, स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक मिलेंगे और अटल उद्यमिता कार्यक्रम (एईपी) की शुरुआत होगी।

# बीकानेर हाउस परिसर में राजस्थान उत्सव-2025 का आयोजन- भजनलाल शर्मा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में आयोजित नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव-2025 एवं राजीविका क्राफ्ट फेयर और फूड फेस्टिवल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, सांसद सी.पी.जोशी, पी.पी.चौधरी, मदन राठौड़ सहित राजस्थान के एक दर्जन से अधिक सांसद मौजूद रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री ने गणेश जी की प्रतिमा की आराधना कर दीप प्रज्वलित करके राजस्थान उत्सव 2025 का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने उत्सव में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए लोक एवं हस्तकलाकारों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान स्थापना दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के मजबूत हाथों से ही राजस्थान की नींव रखी गई थी और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान एक विकसित और समृद्ध राज्य के रूप में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि नौ दिवसीय इस राजस्थान उत्सव का मुख्य उद्देश्य दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सों से पधारे लोगों को राजस्थान की संस्कृति, लोक कला और खानपान से अवगत करवाना है।

इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान के लोक कलाकारों ने अपनी कला और नृत्य से समां बांधा। इस संध्या की शुरूआत भरतपुर से आए नवीन शर्मा और उनके कलाकारों ने ‘गणेश वंदना’ से की। इसके उपरांत उन्हीं के द्वारा मयूर नृत्य और प्रसिद्ध फूलों की होली की प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थित सभी गणमान्यों ने करतल ध्वनि से कलाकारों का अभिवादन किया।

सांस्कृतिक संध्या में भरतपुर के अवधेश कुमार द्वारा चरकुला नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त डीग से आए कफरूद्दीन मेवाती द्वारा भपंग वादन और सूरतगढ से आए अर्जुन सिंह जुलिया द्वारा मषक वादन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में अनीसुदीन एवं उनके दल द्वारा चरी नृत्य तथा सुश्री कल्पना चौहान द्वारा प्रदेश के प्रसिद्ध घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव और मुख्य आवासीय आयुक्त सुधांश पंत, प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक सहित राज्य सरकार के दिल्ली स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# ईदुल फितर हकीकत में रमजान शरीफ की इबादतों और रोजों का शुक्रिया अदा करना है - मुफ्ती ए आजम राजस्थान



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। ईदुल फितर हकीकत में रमजान शरीफ की इबादतों और रोजों का शुक्रिया अदा करना है, यह वक्तव्य मुफ्ती ए आजम राजस्थान मौलाना शेर मोहम्मद रजवी ने रमजान के आखिरी दिनों में रमजान की अहमियत बयान करते हुए कहे।

प्रवक्ता शौकत अली लोहिया ने बताया कि मोमिन माहे मुबारक महिने में दिन को रोजे और रात को नवाफिल पढ़कर जो इबादते इलाहि (ईश्वर को मनाने के लिए उसके दरबार में प्रार्थना) करता है और यह इबादत का सिलसिला पूरे माह तक चलता है रोजों के साथ-साथ कुराने पाक की रात व दिन तिलावत करना। जकात व खैरात के साथ-साथ गरीबों की खामोश खिदमत करना भी जारी रहता है। इन तमाम इबादतों के शुक्राने में बन्द ए मोमिन ईदगाह जाकर दो रकआत नमाज अदा करता है। दर हकीकत ईद की नमाज नमाजें शुक्राना है। लिहाजा सब भाइयों से पुरज़ोर अपील है कि आप इस्लाम का हकीकी पैगाम समझें और अपनी यह शुक्राना की नमाज तमाम मुस्लिम भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अमनो-शांति के साथ ईदगाह के वसी मैदान में ही अदा करें। यही सुन्नते रसूले पाक है अलबत्ता बुजुर्ग, बीमार और बच्चे अपने नजदीक की मस्जिदों में अदा कर सकते हैं ।

रमजान में जुम्मे की अहमियत - जुम्मे के दिन को छोटी ईद कहा जाता है और जुम्मे के दिन को सारे दिनों का सरदार कहा जाता है। जुम्मे के नमाज के दिन मुसलमान नहा धोकर, इत्र (खुशबु) लगाकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों से समय निकालकर नमाज अदा करने के बाद देश के लिए अमनो-चौन की दुआ करने व गरीबों, मिस्कीनों की मदद करने के साथ आपस में एक-दूसरे को मुबारकबाद देता है। रोजों की बड़ी अहमियत व फजीलत अहादीस में बताई गई है। रमजान का महीना आते ही रहमत के सारे दरवाजे खोल दिये जाते है और जहन्नुम के दरवाजों को बन्द कर दिया जाता है। शैतानों को जंजीरों में बांध दिया जाता है।

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत हुआ किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम का आयोजन



झुंझुनू, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान स्थापना दिवस के तहत चल रहे साप्ताहिक महोत्सव की कड़ी में बुधवार को सूचना केन्द्र सभागार में किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यकम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर रामावतार मीणा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, बनवारी लाल सैनी, प्यारेलाल ढूकिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र लाम्बा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश सूरा, केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक संदीप शर्मा, उप निदेशक आत्मा शीशराम जाखड़, उप निदेशक उद्यान डॉ विजयपाल कस्वां, सहायक निदेशक कृषि विस्तार सविता, सहायक निदेशक डॉ सुमन मांजू, कृषि अधिकारी डॉ संध्या ढाका, डॉ सुनील कुमार सुलोचना, मुकेश कुमार प्रमोद धोलीवाल, मनमोहन सिंह, प्रवीण कुमार सहित विभागीय अधिकारीयों, कर्मचारियों व जिले के सैकड़ो किसानों एवं पशुपालकों ने भाग लिया। इस दौरान कृषि व उद्यान विभाग की विभिन योजनाओं यथा कृषि यन्त्र फार्म पोंड, तारबंदी पाइप लाइन ग्रीन हाउस व शेड नेट हाउस, बगीचा स्थापना, वर्मी कम्पोस्ट, गोवर्धन योजना, प्लास्टिक मल्च, ली टनल, सोलर सयंत्र, ड्रिप व मिनी फव्वारा, प्याज भंडार गृह में लाभान्वित किसानों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किये गये।

# राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत महिला सभा का हुआ आयोजन



पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन एवं उपनिदेशक महिला अधिकारिता पाली भागीरथ के निर्देशानुसार महिला अधिकारिता कार्यालय में राजस्थान स्थापना दिवस सप्ताह के उपलक्ष में बुधवार को महिला सभा का आयोजन किया गया। जिसमें साईबर क्राईम के बारे में साईबर थाना से एएसआई प्रशान्त जोशी, एएसआई पुखराज व साईबर एक्सपर्ट प्रकाश चन्द्र तोसावरा द्वारा साईबर अपराधों के बारे में एवं इनसे बचने के उपाय बताए।

उन्होने बताया कि अपने मोबाईल में हम सभी द्वारा बनाई गई जीमेल आईडी का पासवर्ड स्ट्रोंग रखते हुए हर दो तीन माह में बदलते रहने की सलाह दी। इसके अलावा की सेटिंग में जाकर टू स्टेप वेरीफिकेशन सेटिंग का उपयोग करने की सलाह दी जिससे अपने आप को साइबर क्राईम से बचाया जा सकता है। साथ ही यदि किसी भी व्यक्ति को साइबर क्राईम से संबंधित कोई शिकायत हो तो साइबर हेल्पलाईन नम्बर 9530420905 एवं 1030 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

इसके अलावा आयुर्वेदिक चिकित्सालय से डॉ. विजय ने महिलाओं में होने वाले रोग जैसे च्बव्क् अनियमित माहावारी, माइग्रेन, थाइराइड जैसी बिमारीयो का योग के माध्यम से किस तरह से उसको दूर किया जा सकता है और अपने आप को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है, आदि की जानकारी साझा की।

इस कार्यक्रम में जिला हब एम्पावरमेन्ट ऑफ वूमन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री, ज्मबीदवेवनदक ब्वउचनजमत के क्पतमबजवत विनीत भाटी, ल्वहंब् के क्व् हर्षवर्धन, एमटीएस इन्दबाला एवं 30 बालिकाएं उपस्थित रही।

# कृषि समृद्धि की ओर कदम: जिला परिषद बारां में किसान सम्मेलन आयोजित



बारां, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला परिषद बारां में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की समृद्धि ही प्रदेश की समृद्धि है। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जिला स्तर पर आयोजित सम्मेलन को भी संबोधित किया।

**24.62 लाख की अनुदान राशि वितरित**

कार्यक्रम में जिले के किसानों को कुल 24 लाख 62 हजार रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई। साथ ही, किसानों को गोपाल क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किए गए, जिससे उन्हें कृषि और पशुपालन से जुड़े वित्तीय लाभ मिल सकें। इस अवसर पर लाभान्वित किसानों को सम्मानित भी किया गया।

**सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी**

जिला परिषद बारां के प्रथम तल हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक राधेश्याम बैरवा, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, समाजसेवी जगदीश मीणा, एडीएम दिवांशु शर्मा, जिला परिषद सीईओ राजवीर सिंह चौधरी और कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाएं**

मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये की अनुदान राशि वितरित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार कई अहम **योजनाएं चला रही है। इनमें शामिल हैं -**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि में वृद्धि, मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश, मंगला पशु बीमा योजना का विस्तार, निःशुल्क पशुधन आरोग्य योजना, जिसके तहत 200 प्रकार की औषधियां व टीके उपलब्ध कराए जाएंगे एवं ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा, बैलगाड़ी से खेती करने पर 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**राज्य सरकार का सतत प्रयास**

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर किसानों की बेहतरी के लिए प्रयासरत हैं। अब तक 72 लाख किसानों को 1,400 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। इसके अलावा -

47 लाख किसानों को 29 हजार करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बीमा क्लेम, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 20 लाख से अधिक पशुओं का बीमा, मोबाइल वेटनरी सेवा 1962 की शुरुआत राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 34 हजार गोपालकों को ऋण स्वीकृति

**किसानों को मिलेगा सिंचाई और बिजली का लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके लिए 35 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं। साथ ही, ईआरसीपी, यमुना जल समझौता और देवास परियोजना जैसे निर्णयों से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नवलगढ़ के खिरोड़ में शहीद हवलदार रामजी लाल कटेवा की मूर्ति अनावरण सभा में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की घोषणा




झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ तहसील के खिरोड़ में शहीद हवलदार रामजी लाल कटेवा की मूर्ति के अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। उन्होंने शहीद कटेवा की मूर्ति पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए मुर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शहीदों के बलिदान को अमूल्य बताया। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी को याद करते हुए कहा कि वाजपेयी जी ने शहीदों की पार्थिव देह को शहीदों के घर तक पहुंचाने का कार्य शुरु किया था। दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैनिक कल्याण के क्षेत्र में 'वन रैंक, वन पेंशन' शुरु करने के लिए आभार जताते हुए विगत 11 वर्षों में देश में सैनिक कल्याण और सुरक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में हुए कार्यों की भी जानकारी आमजन को दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंगलवार को बाड़मेर में आयोजित सभा में 30 हजार से अधिक संख्या में महिलाएं आईं, जो बड़ी बात है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्षेत्र के शहीदों की वीरांगनाओं का भी सम्मान किया।

सभा में नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने नौजवानों को देश के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के लिए औऱ जनसभा में आने के लिए दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। सभा को खंडेला विधायक सुभाष मील ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच पर शहीद कटेवा की वीरांगना प्रभाती देवी, पूर्व विधायक रतन जलधारी, नगरपालिकाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी फूलवाला, सरपंच महावीर सिंह भांबू, पंचायत समिति सदस्या जानकी देवी मौजूद रही। मंच संचालन एडीईओ उम्मेद सिंह महला और विजय हिंद जालिमपुरा ने किया। इससे पहले उपमुख्यमंत्री का नांगल समेत उदयपुरवाटी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आमजन और कार्यकर्ताओं ने महेंद्र चंदवा के नेतृत्व में स्वागत किया।

**'जिन्होंने देश के लिए इतना कुछ दिया, उसके आगे सड़क क्या है...'**

उपमुख्यमंत्री ने नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल और शहीद के परिजनों की मांग को स्वीकार करते हुए तुर्किनी जोहड़ से कैमरी की ढाणी तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण शहीद कटेवा के नाम से करने की घोषणा की। उन्होंने घोषणा के बाद कहा कि शहीद कटेवा ने जो देश के लिए योगदान दिया है, जो बलिदान दिया है, उसके आगे यह सड़क क्या है?

**नवलगढ़ में करवाए गए विकास कार्य भी बताए:**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि लोहार्गल के बरखंडी में रोप वे का कार्य शुरु हो रहा है। वहीं नवलगढ में ट्रोमा सेंटर, जिला अस्पताल, 90 करोड़ से अधिक की सड़कों की सौगात दी गई है।

# कैबिनेट मंत्री कुमावत ने की जनसुनवाई ,अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश



पाली(रॉयल पत्रिका)। कैबिनेट मंत्री पशुपालन विभाग जोराराम कुमावत ने आज बुधवार को पाली सर्किट हाउस में आमजन की समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिये संबधित अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकार व मुख्यमंत्री की मंशा है कि आमजन की सुनवाई हो और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो ताकि आमजन को कोई तकलीफ ना हो।

जनसुनवाई मे पूर्व विधायक संजना आगरी ने सोजत में घायल के पीड़ित परिवारजन समस्या बताई। उन्होंने इस अवसर पर इस अवसर पर पाली की सीवरेज लाइन को हैड से टेल तक सुधार के लिये निर्देश दिए। उन्होंने खैरवा, गोदावास सोनाइमांजी में पानी की परिवेदना मणिहारी, गुडाप्रातपसिंह, पादरला डरी, गुरडाई गांवों में पेयजल स्कीम के टेंडर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर साथ ही मठ को रेवेन्यु गांव व आबादी विस्तार के प्रस्ताव शीघ्र विस्तार के लिए निर्देश दिये। साथ ही मठ के पास एनएच के पुल के नीचे पानी के भराव के निस्तारण के लिए एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सड़के डेंडा से गुंदोज, गुंदोज से नेशनल हाइवे, पडासला से राजकिया वास सहित अन्य सड़कों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मंत्री कुमावत ने आज सर्किट हाउस में आये हुये लोगों की उन्होंने बारी बारी से लोगों की समस्याओं को सुना जिनमें पानी ,बिजली ,सडक आदि समस्याओं को सुनकर वहां मौजूद ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये ।

इस अवसर पर इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत, पुखराज पटेल, किसान पूर्व उप जिला प्रमुख नेता नव किशोर शर्मा, तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल,विकास अधिकारी, पूर्व जिला भंवर चौधरी, चेनसिंह सायला, चेनसिंह रावत, बाबुलाल कुमावत, वीर प्रतापसिंह, मोहन पटेल, हेमावास सरपंच मदनलाल, लाम्बिया सरपंच प्रतिनिधि राजुसिंह काणादरा सहित अन्य मौजूद रहे।

# 10 दिवसीय प्राकृत कार्यशाला में लाडनूं के जैविभा विश्वविद्यालय की समणी ने करवाया अध्यापन



लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। 'आत्मनिर्भर भारत के परिप्रेक्ष्य में तीर्थंकर ऋषभदेव का योगदान' विषय ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोधपीठ कानपुर के तत्वावधान में प्रो. विनय कुमार पाठक कुलपति के संरक्षकत्व में तीर्थंकर ऋषभदेव के जन्म कल्याण के उपलक्ष्य में किया गया। इस कार्यक्रम के मार्गदर्शक के रूप में डॉ. आशीष जैन आचार्य एवं लाडनूं के जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय की डॉ. समणी संगीत प्रज्ञा ही। इस व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्रसिद्ध प्रो. नरेन्द्र जैन ने की। मुख्य वक्ता काशी हिन्द विश्वविद्यालय वाराणसी प्रो. प्रद्युम्न शाह सिंह थे। अध्यक्षता करते हुए प्रो. नरेन्द्र कुमार जैन ने तीर्थंकर ऋषभदेव एवं आत्मनिर्भर भारत को रेखांकित करते हुए कहा गया कि भगवान ऋषभदेव द्वारा प्रणीत संस्कृति को श्रमण संस्कृति कहा गया है। उनका व्यक्तित्व लोकोपकारी, सार्वग्राही और सम्प्रदाय निरपेक्ष था। सभी सम्प्रदायों में उनके महनीय व्यक्तित्व का मूल्यांकलन किया गया है। मुख्य वक्ता प्रद्युम्न शाह ने बताया कि समाज को आत्म निर्भर, स्वाभिमान और स्वावलंबन की प्रेरणा जगाने में तीर्थंकर ऋषभदेव का अतुलनीय योगदान है। तीर्थंकर ऋषभदेव ने मानव को स्वावलंबी होना सिखाया। अयोध्या के राजा ऋषभदेव ने लोगों को खेती करना और अन्न उपजाना सिखाया। उन्होंने षट्कर्म की शिक्षा दी, जिनमें असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प थे। इन षट्कर्मों के माध्यम से मनुष्य को स्वावलंबी बनाया गया। तीर्थंकर राजा ऋषभदेव राज व्यवस्था के प्रथम उन्नायक थे।

**10 दिवसीय प्राकृत कार्यशाला के परिणाम घोषित**

इस अवसर पर जैन शोधपीठ द्वारा संचालित दस दिवसीय प्राकृत कार्यशाला का परीक्षा परिणाम शोध न्यास मंडल के प्रमुख सदस्य अरविन्द्र जैन ने घोषित किया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त अनीता दीदी, रश्मि जैन कटनी, आदिनाथ उपाध्ये, शिखा जैन एवं हर्षित मुनिराज के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। दस दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत लाडनूं के जैन विश्वभारती संस्थान विश्वविद्यालय की समणी संगीत प्रज्ञा, ब्र. समता दीदी. डॉ. आशीष जैन, डॉ. पंकज जैन, पुलक जैन डॉ. कोमल चन्द्र जैन ने प्राकृत भाषा का अध्यापनन कराया। इस अवसर पर प्रदीप जैन तिजारा वाले, सुधीन्द्र जैन, महेन्द्र जैन कटारिया, विनीत जैन त्रिभुवन जैन, डॉ. वीरचन्द्र जैन, डॉ. सुनील जैन संचय, नीलम जैन कानपुर, रेनु जैन, कृष्ण तिवारी, नीतू यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# राजस्थान दिवस पर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल करियर सेंटर), बारां द्वारा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 28 मार्च 2025 (शुक्रवार) को प्रातः 10:30 बजे से रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला रोजगार कार्यालय परिसर, परिवार न्यायालय के सामने, कलेक्ट्रेट परिसर, कोटा रोड, बारां में आयोजित होगा।

इस शिविर में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 10वीं पास, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक महिला एवं पुरुष आवेदकों को निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी।

**रजिस्ट्रेशन अनिवार्य**

शिविर में भाग लेने के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है, जो क्यूआर कोड स्कैन करके या दिए गए लिंक के माध्यम से किया जा सकता है।

# एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर बैनर का किया विमाचेन




पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर बैनर का विमोचन बुधवार को जिला कलक्टर एलएन मंत्री द्वारा किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा 28 मार्च को बांगड़ कॉलेज में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न निजी कम्पनियों द्वारा आशार्थीयों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगी। इस अवसर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह समेत रोजगार कार्यालय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वयंसेविकाओं को बताए आत्मरक्षा के उपाय




लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। जैन विश्वभारती संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम चरण में स्वयंसेविकाओं को किसी भी आपातकालीन स्थिति में अपना बचाव किया जाने के तरीके बताए गए। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी डॉ. आभा सिंह ने स्वयंसविकाओं को आत्मरक्षा के लिए उपाय बताते हुए समझाया कि आपातकालीन स्थिति में यदि उनके साथ कोई गलत होने की संभावना होती है, तो भयभीत होने के बजाय उस परिस्थिति में जो भी संसाधन पास में उपलब्ध हों, उसका उपयोग कर अपना बचाव किया जा सकता है। आपइसके लिए पास में कोई बैगख् सेफ्टी पिन आदि कुछ भी हो तो उसको बुद्धिमता पूर्ण ढंग से प्रयोग में लिया जा सकता है और अपना बचाव किया जा सकता है। दूसरे चरण में स्वयंसेवकों ने संस्थान में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के कक्षों को सुव्यवस्थित किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यालय में सामग्री एवं वस्तुओं को सुव्यवस्थित किया। शिविर का आयोजन इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह एवं इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# राजस्थान दिवस सप्ताह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन



सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान स्थापना दिवस के साप्ताहिक महोत्सव की श्रृंखला में बुधवार को प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को स्वामी विवेकानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर बीछवाल, बीकानेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का शुभारम्भ किया। राज्य स्तरीय समारोह का रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम में सजीव प्रसारण किया गया।

प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व में भारत सरकार किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय समारोह से बटन दबाकर 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरण किया। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री मंत्री ने पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढाकर 200 किए जाने, मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा बढ़ाना तथा ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए।

विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए किसान सम्मान निधि योजना की राशि 8 हजार रूपये से बढ़ाकर 9 हजार रूपये करने का कार्य किया है। वहीं डबल इंजन की सरकार द्वारा किसानों को समृद्धि की नई राह प्रदान करने के लिए किसान उत्पादक संगठन को बढ़ावा देकर छोटे और सीमांत किसानों को सस्ते बीज, उवर्रक प्रदान कर उत्पादन को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा किसान के हित में उठाए जा रहे कदमों से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। पूर्वी राजस्थान की जीवनदायिनी राम जल सेतु लिंक परियोजना (ईआरसीपी) के कार्य को गति देने हेतु 9 हजार 300 करोड़ (नौ हजार तीन सौ करोड़) रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न कार्य करवाये जाएंगे। जिसके तहत जिले में भूरी पहाड़ी-डूंगरी में बैराज का निर्माण किया जाएगा जिससे जिलेवासियों को पेयजल व सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। वहीं जिले में निर्बाध विद्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 400 केवी जीएसएस निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-शिवाड़ में बेड क्षमता में वृद्धि करने, पर्यटन को बढ़ावा देने व घड़ियाल संरक्षण की दृष्टि से पालीघाट के निकट घड़ियाल रेरिंग सेन्टर स्थापित करने, रामेश्वर घाट त्रिवेणी संगम के रूप में विकसित होगा।

ग्रीन हाउस, फार्म पॉन्ड, सिंचाई पाइपलाइन सहित विभिन्न योजनाओं में अनुदान वितरित:- जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र गोठवाल, जिला कलक्टर शुभम चौधरी एवं खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत ग्रीन हाऊस योजना में मऊ निवासी कृषक बसराम को 23 लाख 98 हजार 985 रूपये, कृषि विभाग द्वारा संचालित उन्नत कृषि यन्त्र (मल्टीक्रॉप थ्रेसर) योजना के लाभार्थी सूरवाल निवासी कृषक श्योजीलाल को 2 लाख 50 हजार रूपये, फार्म पोण्ड योजना के लाभार्थी एकड़ा निवासी कृषक हनुमान प्रसाद को 63 हजार रूपये, तारबन्दी योजना में जौंला निवासी कृषक गोरधन को 48 हजार रूपये एवं सिंचाई पाईप लाईन योजना में आटूण खुर्द निवासी कृषक हरिप्रसाद को 14 हजार 700 रूपये अनुदान का भुगतान कर लाभांवित किया है।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल, उप निदेशक कृषि पीडी आत्मा अमर सिंह, उप निदेशक उद्यान हेमराज मीणा, उप निदेशक फूल उत्कृष्टता केन्द्र लखपत मीणा, मण्डी सचिव दिलीप मीणा, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. राजीव गर्ग, उप पंजीयक सहकारी समितियां प्रीति यादव सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, किसान एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## एईएसएल ने होशंगाबाद रोड ब्रांच के शुभारंभ के साथ भोपाल में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया

**होशंगाबाद एजेंसी।** नीट और जेईई के लिए परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने होशंगाबाद रोड ब्रांच लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी व्यक्त की है। केन्द्र का उद्घाटन श्री शैलेश सिंह (रीजनल ग्रोथ एंड सेल्स हेड - म.प्र, आकाश इंस्टिट्यूट) द्वारा किया गया। इस विस्तार के साथ, एईएसएल का लक्ष्य क्षेत्र के अधिक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह कदम शीर्ष स्तरीय तैयारी सेवाओं की बढ़ती मांग को



पूरा करने के लिए उठाया गया है, ताकि अधिक महत्वाकांक्षी छात्र आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान की जाने वाली बेहतरीन कोचिंग तक पहुँच सकें। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, सेंटर डायरेक्टर श्रुति खन्ना ने कहा, हमें होशंगाबाद रोड में अपने नए केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण कदम है छात्रों के करीब गुणवत्तापूर्ण कोचिंग लाना। हमारा मुख्य ध्यान छात्रों को एक मजबूत शैक्षिक नींव, वैचारिक स्पष्टता और नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आत्मविश्वास से सशक्त बनाना है। यह केंद्र अनुभवी शिक्षकों, व्यापक अध्ययन सामग्री और छात्रों की क्षमता को अधिकतम करने के लिए डिज़ाइन किए गए एक आदर्श सीखने के माहौल से लैस होगा। हमें विश्वास है कि हर छात्र, चाहे वह कहीं भी हो, सर्वोत्तम शिक्षा और संसाधनों का हकदार है, और यह विस्तार हमारी उसी प्रतिबद्धता को साकार करता है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य पोषण और डिजिटल सुरक्षा पर प्रशिक्षण

**मुंबई, एजेंसी।** एसटीआई हब मिजोरम द्वारा आइजोल ग्रामीण ब्लॉक की 83 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सीनॉड कॉन्फ्रेंस सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। इस पहल का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य, पोषण, डिजिटल सुरक्षा और आयुर्वेद-आधारित जीवनशैली से जुड़े विषयों में दक्ष बनाना था, ताकि वे अपने समुदायों की बेहतर सेवा कर सकें।

इस अवसर पर मिज़ोरम के राज्य ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. लालनिलावमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महिला एवं बाल विकास निदेशालय, मिज़ोरम की निदेशक श्रीमती ज़ोरमथांगी च्हांगते ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में दोनों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की बाल एवं मातृ स्वास्थ्य में अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए 'विकसित भारत' की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना में उनकी निरंतर सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। केरल स्थित अमृता विश्व विद्यापीठम् से एसटीआई हब परियोजना के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ. रघु रामन ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और इस परियोजना की दूरदृष्टि के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्ता को रेखांकित किया।

प्रशिक्षण के प्रमुख बिंदु : स्वास्थ्यकर पोषण एवं स्वच्छता - मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार के लिए संतुलित आहार संबंधी जानकारी। स्थानीय पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सामग्री - क्षेत्रीय स्रोतों के उपयोग से कुपोषण से निपटना।

# टाटा. ईवी भारत में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देगा

● 2027 तक भारत के ईवी चार्ज पॉइंट को दोगुना से भी ज़्यादा करने का लक्ष्य है ● अपने ओपन कोलैबोरेशन फ्रेमवर्क के ज़रिए 30,000 से ज़्यादा पब्लिक फ़ास्ट चार्जर पॉइंट्स स्थापित करने की तैयारी है

### चार्जिंग पॉइंट्स को 400,000 तक ले जाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति की अगुआई करने वाली कंपनी टाटा. ईवी ने आज देश के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए एक साहसिक, अभूतपूर्व पहल की घोषणा की है। 200,000 ईवी बेचने की उपलब्धि हासिल करने के बाद टाटा. ईवी ने 2027 तक देश में उपलब्ध चार्ज पॉइंट की संख्या को दोगुना से भी ज़्यादा बढ़ाकर 400,000 करने का लक्ष्य रखा है और इसके साथ ही ईवी को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। टाटा. ईवी 2019 से ही भारत के ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने में सबसे आगे रहा है।

टाटा. ईवी ने पहले टाटा समूह की कंपनियों के साथ साझेदारी कर निजी/घरेलू चार्जिंग समाधान पेश किए और फिर सबसे तेज़ ईवी अपनाने वाले शहरों में सार्वजनिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत की। इससे शुरुआती उपयोगकर्ताओं को ईवी अपनाने में आवश्यक समर्थन और प्रोत्साहन मिला।अगले चरण में टाटा. ईवी ने 2023 में 'ओपन कोलैबोरेशन' फ्रेमवर्क लॉन्च किया। इसके तहत चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स (सीपीओ) और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई। इस पहल का उद्देश्य मुख्यतः राजमार्गों के किनारे चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना था, ताकि लंबी दूरी की यात्रा सुगम हो सके। इस प्रयास का परिणाम यह रहा कि मात्र 15 महीनों में भारत में सार्वजनिक चार्जिंग पॉइंट्स की संख्या दोगुनी होकर 18,000 से अधिक चार्जर्स तक पहुंच गई। टाटा. ईवी के कुल प्रभाव की बात करें तो अब तक 1.5 लाख से अधिक निजी/घरेलू चार्जर्स, 2,500 सामुदायिक चार्जर्स, और 750 चार्जर्स टाटा डीलरशिप्स में स्थापित हो चुके हैं, जो 200 से अधिक शहरों को कवर कर रहे हैं

इसी दिशा में, 'ओपन कोलैबोरेशन 2.0' के तहत, टाटा. ईवी भारत के ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम को तेज़ी से विकसित कर रहा है। इस पहल का लक्ष्य है- अगले दो वर्षों में चार्जिंग पॉइंट्स की संख्या दोगुनी कर 4 लाख से अधिक तक पहुंचाना।

## आईएनए सोलर बना लखनऊ सुपर जायंट्स का एसोसिएट पार्टनर

### टी-20 सीजन 2025 में अक्षय ऊर्जा को मिलेगा नया आयाम



**मुंबई, एजेंसी।** भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने आगामी टी-20 सीजन 2025 - 27 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के एसोसिएट पार्टनर बनने की घोषणा की है। यह साझेदारी भारत में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और देश को नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

आईएनए सोलर के चेयरमैन श्री मनीष गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ यह साझेदारी हमारे माननीय प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट देश के हर कोने तक पहुंचता है, और हम इस माध्यम से अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। आईएनए सोलर के प्रबंध निदेशक श्री विकास जैन ने कहा, हमारा उद्देश्य सौर ऊर्जा को केवल बड़े शहरों तक सीमित न रखते हुए छोटे कस्बों और गांवों तक पहुंचाना है। लखनऊ सुपर जायंट्स जैसे लोकप्रिय क्रिकेट ब्रांड के साथ यह सहयोग हमें व्यापक स्तर पर अक्षय ऊर्जा के संदेश को फैलाने में मदद करेगा। आईएनए सोलर के सोलर पैनल आईईसी, एएलएमएम और बीआईएस जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों से प्रमाणित हैं और इनकी उच्च गुणवत्ता एवं दक्षता के कारण यह देशभर में व्यापक रूप से प्रचलित हैं।

## जीतो धन धना धन हर टाटा आईपीएल मैच में 100 विजेताओं के साथ वापस आ गया

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा आईपीएल 2025 सीजन के शुरू होने में 24 घंटे से भी कम समय बचा है, ऐसे में जियोस्टार ने आज अपने लोकप्रिय प्रिडिक्ट-एंड-विन फैंस एंगेजमेंट प्रतियोगिता जीतो धन धना धन की वापसी की घोषणा की है और माय11सर्किल को लगातार दूसरे सीजन के लिए टाइटल प्रायोजक बनाया गया है। जीतो धन धना धन जियोहॉटस्टार पर एक फ्री-टू-प्ले प्रतियोगिता है, जिसमें दर्शक भाग ले सकते हैं और रियल टाइम की प्रिडिक्शन और सामान्य ज्ञान के सवालों के साथ टाटा आईपीएल को लाइव देखते हुए पुरस्कार, ब्रांड कूपन जीत सकते हैं, जिससे देखने का अनुभव और भी रोमांचक और फायदेमंद हो जाता है।

## आयुर्वेद पर आधारित हफ्ते भर का डाइट प्लान बनाएं: डॉ मधुमिता

**नईदिल्ली।** डॉ मधुमिता कृष्णन, आयुर्वेद एक्सुपर्ट बताया कि जब सर्दी का मौसम खत्म होता है और गर्मियां शुरू होती हैं, तो आयुर्वेद के हिसाब से हमें इस संधि कला (स्प्रिंग) के दौरान अपने खान-पान का खास ध्यान रखना चाहिए। इस समय हमारे शरीर के तीन दोष (वात, पित्त और कफ) बिगड़ जाते हैं, जिससे हम बीमार पड़ सकते हैं।गर्म और सूखा मौसम वात को बढ़ाता है, जिससे शरीर में सूखापन, बेचैनी और सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। वहीं, तापमान के बदलने से हमारा पाचन भी कमजोर हो जाता है, जिससे शरीर में ज़हरीले पदार्थ जमा होने लगते हैं और हमारी इम्यु निटी कम हो जाती है। इस चरण के दौरान अपनी सेहत को दुरुस्ते बनाए रखने के लिए, हमें गर्म, अच्छी तरह से पके हुए भोजन के साथ शरीर को पोषण देना आवश्यक है।

## इंडो-जॉर्जियन फेस्टिवल 2025 का गुजरात के स्वर्णिम स्टार्टअप और इनोवेशन यूनिवर्सिटी में शानदार नाटकों के साथ हुआ समापन




**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर में स्वर्णिम स्टार्टअप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी में इंडो-जॉर्जियन फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय फेस्टिवल 20-21 मार्च को आयोजित किया गया था। इस फेस्टिवल में भारत और जॉर्जिया की संस्कृति और कलाओं का आदान-प्रदान हुआ। फेस्टिवल में दिल को छू लेने वाले नाटक और कार्यशालाएं हुईं। इस फेस्टिवल को स्वर्णिम स्टार्टअप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी, एनजीओ कल्चरल डायवर्सिटी फॉर पीसफुल फ्यूचर (एनजीओसीडीपीएफ) और जॉर्जिया के संस्कृति मंत्रालय ने मिलकर आयोजित किया था। इसमें मेडिलिंक हॉस्पिटल का भी सहयोग रहा। स्वर्णिम स्टार्टअप एंड इनोवेशन यूनिवर्सिटी गुजरात का एक प्रमुख संस्थान है। यह संस्थान नए व्यवसाय को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए जाना जाता है। यह महोत्सव कलाकारों का एक ऐसा मिलन था, जिसमें जॉर्जिया के प्रसिद्ध थिएटरों के 56 कलाकारों ने नाटक दिखाए, इंटरैक्टिव सेशन और वर्कशॉप आयोजित कीं। इस महोत्सव में दोनों देशों की समृद्ध संस्कृति और कलाओं को दिखाया गया।

इस महोत्सव को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य था कि अलग अलग कल्चर को बढ़ावा दिया जाए और स्वर्णिम स्टार्टअप और इनोवेशन यूनिवर्सिटी के लोगों और जॉर्जिया के लोगों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाया जाए। समापन समारोह में गुजरात के गांधीनगर दक्षिण इलाके के विधायक अल्पेश ठाकोर, मेडिलिंक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की को फाउंडर शिल्पा अग्रवाल, मशहूर जॉर्जियाई अभिनेता और कला के डॉक्टर निकोलोज़ तिसुलुकिद्ज़े, जॉर्जिया के संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधि और थिएटर विभाग के प्रमुख नीनो कोबाइज़ और एनजीओसीडीपीएफ के चेयरमैन और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2021 के विजेता दर्पण प्राशर समेत कई खास लोग शामिल हुए।

## ज़ेटाई ने योजना के लिए मतदान करने से पहले प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियों और प्लेटफ़ॉर्म देनदारियों की स्वतंत्र जाँच की पुष्टि की

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ेटाई पीटीइ. लिमिटेड कंपनी ने घोषणा की है कि प्लेटफ़ॉर्म की संपत्तियों और देनदारियों की स्वतंत्र जाँच पूरी हो चुकी है। यह जाँच कोर्ट के निर्देश पर जनवरी 2025 में एचसी/ओए 1284/2024 की सुनवाई के दौरान की गई थी। इस मूल्यांकन को स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं जोशुआ टेलर (एल्वारेज़ एंड मार्सल (दक्षिण-पूर्व एशिया) पीटीइ लिमिटेड) और हेनरी एंथनी चेम्बर्स (एल्वारेज़ एंड मार्सल डिस्प्यूट्स एंड इन्वेस्टिगेशन्स पीटीइ लिमिटेड) द्वारा किया गया। इसके अलावा, स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियों की मौजूदगी, नियंत्रण और मात्रा की स्वतंत्र रूप से जाँच की है, जिसमें शामिल हैं- नेट लिक्विड प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियां - इसमें बिटगो के पास सुरक्षित टोकन संपत्तियां, चार प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों और 9 कोल्ड वॉलेट में रखी गई संपत्तियां शामिल हैं, जिनकी कुल वैल्यू 478.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो 17 जनवरी 2025 तक की स्थिति के अनुसार है। इलिक्विड प्लेटफ़ॉर्म संपत्तियां - इसमें चोरी की गई संपत्तियों के साथ-साथ इलिक्विड वॉलेट संपत्तियां भी शामिल हैं। स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं ने योजना ऋणदाताओं की अंतिम सूची और निर्धारित तारीख पर प्लेटफ़ॉर्म देनदारियों की भी स्वतंत्र रूप से जाँच की। इसके लिए उन्होंने ज़ेटाई के पूरे लेनदेन इतिहास की जांच की और प्रत्येक प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ता के लिए मुद्रा शेष राशि की दोबारा गणना की।

wazirx

### सैमसंग ने बीस्पोक एआई डिजिटल उपकरणों पर एक्सक्लूसिव फेस्टिव ऑफर्स की घोषणा की

# अब स्मार्ट लिविंग के साथ मनाएं त्योहारों का जश्न

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंगउगादी, गुड़ी पड़वा और ईद मना रही है। इस मौके पर कंपनी ने अपने एआई-पावर्ड रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर्स और माइक्रोवेव पर आकर्षक ऑफर्स दिए हैं। त्योहारों के समय परिवार खुशहाली, समृद्धि और नई शुरुआत का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में सैमसंग अपने नए प्रोडक्ट्स पर एक्सक्लूसिव डील्स देकर घरों को अपग्रेड करने में मदद कर रहा है। सीमित समय के लिए उपलब्ध ये ऑफर्स सिर्फ 31 मार्च, 2025 तक ही उपलब्ध हैं। इन ऑफर्स से ग्राहक ज्यादा स्मार्ट और कनेक्टेड उपकरण अविश्वसनीय कीमत पर घर ला सकते हैं।




**अफोर्डेबिलिटी ऑफर्स-** उपभोक्ता चुनिंदा डिजिटल उपकरणों पर 48 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। उन्हें 20,000रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा और वे आसान ज़ीरो डाउन पेमेंट विकल्प भी चुन सकते हैं।

**एक्सटेंडेड वारंटी ऑफर्स-** चुनिंदा फ्रंट लोड वाशिंग मशीनों पर सैमसंग केयर+ के साथ 4,290 रुपयेमूल्य की2 साल की एक्सटेंडेड और कॉम्प्रीहेंसिव वारंटी केवल 499रुपये के विशेष मूल्य पर उपलब्ध है।रेफ्रिजरेटर्स पर एफडीआर और एसबी स्मॉडलों के लिए 1 साल की एक्सटेंडेड वारंटी 449रुपये के विशेष मूल्य पर और 500रूसे कम के फ्रॉस्ट फ्री मॉडल के लिए 349रुपयेके विशेष मूल्य पर दी जा रही है।

### वारंटी ऑफर्स

सैमसंग रेफ्रिजरेटर्स के डिजिटल इन्वर्टर कंप्रेसर और वाशिंग मशीनों के डिजिटल इन्वर्टर मोटर पर 20साल की वारंटी के साथ लंबे समय की ड्यूरैबिलिटी सुनिश्चित कर रहा है।माइक्रोवेव के सिरेमिक इनेमल कैविटी पर 10साल की वारंटी औरएयर कंडीशनर पर 5 साल की कॉम्प्रीहेंसिव वारंटी,हर खरीद को एक स्थायी निवेश बनाती है।

**इंस्टॉलेशन ऑफर्स-** बीस्पोक एआईविंड फ्री एसीका इंस्टॉलेशन बिल्कुल मुफ्त में किया जाएगा, जिससे उपभोक्ता आसानी से बेहतर कूलिंग का आनंद ले सकते हैं।

## हायर ने भारत का एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार 16 वर्षों विश्व का नंबर 1 प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर इंडिया ने गर्मी के मौसम से पहले भारतीय घरों के लिए कस्टमाइज़्ड, इंटेलिजेंट कूलिंग प्रदान करने वाले एआई-संचालित एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज पेश की है।




नए एसी ऑटोमैटिक तरीके से उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं और पर्यावरण की स्थितियों के अनुकूल हो जाते हैं, जिससे अधिकतम ऊर्जा दक्षता के साथ सहज कूलिंग सुनिश्चित होती है।

हायर की एआई क्लाइमेट कंट्रोल टेक्नोलॉजी उपयोगकर्ता की ज़रूरतों को समझती है, कूलिंग सेटिंग्स को एडजस्ट करती है और एक सहज अनुभव के लिए ऊर्जा दक्षता को अनुकूलित करके एयर कंडीशनिंग में क्रांति लाती है। इस उन्नत प्रणाली में तीन प्रमुख विशेषताएँ शामिल हैं - एआई क्लाइमेट असिस्टेंट न्यूनतम प्रयास के साथ अधिकतम आराम सुनिश्चित करते हुए, उपयोगकर्ता की आदतों को अपनाकर कूलिंग को पर्सनलाइज़ करता है। बिजली की निगरानी उपयोगकर्ताओं को दैनिक, साप्ताहिक या मासिक ऊर्जा खपत लक्ष्य निर्धारित करने की अनुमति देती है, जिससे बढ़ी हुई ऊर्जा बचत के लिए बेहतर ट्रैकिंग और अनुकूलन संभव होता है। इसके अतिरिक्त, एआई इसीओ मोड गतिशील रूप से कूलिंग आउटपुट को नियंत्रित करता है, जिससे सही तापमान बनाए रखते हुए बिजली की अनावश्यक खपत को रोका जा सकता है। नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष एनएस सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, हम ऐसे अग्रणी नवाचारों के लिए समर्पित हैं जो घरेलू अनुभवों को परिभाषित करते हैं। हमारे एआई संचालित एयर कंडीशनर के साथ, हमें भारत में अपनी तरह की पहली तकनीक पेश करने पर गर्व है, जो उद्योग जगत में एक नया मानक स्थापित कर रहा है।

## एआई/एमएल और डेटा साइंस में कौशल बढ़ाने के बाद पेशेवरों ने औसत 65 प्रतिशत वेतन वृद्धि प्राप्त की

### ग्रेट लर्निंग की करियर प्रगति रिपोर्ट पाई गई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल प्रशिक्षण में वैश्विक अग्रणी, ग्रेट लर्निंग ने अपनी करियर प्रगति रिपोर्ट 2024-25 जारी की है, जिसमें करियर के विकास पर कौशल विकास के दीर्घकालिक प्रभाव का गहन विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट ग्रेट लर्निंग के एआई, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग प्रोग्राम से यादृच्छिक रूप से चयनित 1,000 पूर्व छात्रों के व्यापक सर्वेक्षण से निष्कर्ष खींचती है, जिसमें प्रारंभिक करियर से लेकर वरिष्ठ पेशेवरों तक विभिन्न करियर चरणों में प्रोफेशनल्स को शामिल किया गया है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे निरंतर सीखने से निरंतर करियर में उन्नति होती है, जिससे प्रोफेशनल्स को लीडरशिप की भूमिका, वेतन वृद्धि और अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलती है। 80 प्रतिशत प्रोफेशनल एआई/एमएल और डेटा साइंस कोर्सों में अपस्किलिंग के बाद एक सकारात्मक करियर बदलाव का अनुभव करते हैं रिपोर्ट में सभी स्तरों पर पेशेवरों के करियर को आगे बढ़ाने पर अपस्किलिंग के प्रभाव को पुष्ट किया गया है, जिसमें 80 प्रतिशत ने एआई/एमएल और डेटा साइंस जैसे उच्च-मूल्य वाले डोमेन में अपस्किलिंग के बाद समय के साथ पदोन्नति, वेतन वृद्धि या सफल कैरियर परिवर्तन सहित सकारात्मक करियर बदलाव प्राप्त किए हैं। अपस्किलिंग के बाद 2 वर्ष की छोटी समयावधि को देखें तो 74 प्रतिशत पेशेवरों को पदोन्नति मिली या वे नई भूमिकाओं में चले गए, जिनमें से 69 प्रतिशत ने अपनी वर्तमान कंपनी में या नई कंपनी में नई भूमिकाएं सफलतापूर्वक प्राप्त कीं, जबकि 31 प्रतिशत ने अपनी मौजूदा भूमिकाओं में महत्वपूर्ण वृद्धि की बात कही।

## भोपाल में फूड डिलीवरी के मामले में स्विगी की बोल्ट सर्विस ने किया शानदार विकास

● भोपाल में बोल्ट सर्विस ने मासिक आधार पर ऑर्डर्स में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की ● शहर के 30 प्रतिशत रेस्टोरेंट अब बोल्ट से जुड़े, जहां सभी मील स्लॉट में 10,000 से ज्यादा आइटम्स में से ऑर्डर किया जा सकता है ● सबसे ज्यादा 42 प्रतिशत ऑर्डर डिनर में और 26 प्रतिशत लंच में किए गए

**भोपाल।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने आज भोपाल में अपनी बोल्ट सर्विस (बोल्ट बाय स्विगी) के शानदार विकास के आंकड़े साझा किए। यह क्विक फूड डिलीवरी सर्विस शहर में लोगों के खाने के तरीके को बदल रही है। ऑडर्स में मासिक आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे रेस्टोरेंट्स को अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिल रही है।

बोल्ट बाय स्विगी के माध्यम से 10 मिनट के अंदर फ्रेश फूड की डिलीवरी की जाती है। सुपर-स्मार्ट बैकएंड ऑप्टिमाइजेशन के दम पर यह संभव हुआ है। भोपाल के 30 प्रतिशत रेस्टोरेंट इस सर्विस से जुड़ चुके हैं। शहर के खाने के शौकीन लोग ब्रेकफास्ट, लंच, स्नैक्स, डिनर और लेट नाइट बाइट्स के दौरान 10,000 से ज्यादा आइटम्स में से ऑर्डर कर सकते हैं। सभी डिलीवरी को टॉप स्पीड में ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है। उल्लेखनीय रूप से बोल्ट के ऑर्डर्स में 42 प्रतिशत हिस्सेदारी डिनर की और 26 प्रतिशत हिस्सेदारी लंच की रही। स्विगी में फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने बोल्ट की सफलता को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'बोल्ट सर्विस वास्तव में सहूलियत को नए सिरे से परिभाषित कर रही है और इस उद्योग में नए मानक स्थापित कर रही है। भोपाल जैसे शहरों में इसकी तेजी से बढ़ती स्वीकार्यता फूड डिलीवरी के मामले में स्पीड और एफिशिएंसी के लिए बढ़ती मांग को दिखाती है। टेक्नोलॉजी एवं लॉजिस्टिक्स को सुगम तरीके से इंटीग्रेट करते हुए बोल्ट सर्विस रेस्टोरेंट्स को फ्रेश, हाई क्वालिटी मील सर्व करने में मदद कर रही है, साथ ही सुनिश्चित कर रही है कि ग्राहकों को उनका पसंदीदा भोजन रिकॉर्ड टाइम में मिले। बोल्ट को लेकर अपने अनुभव को साझा करते हुए शर्मा एंड विष्णु फास्ट फूड, भोपाल के मालिक विष्णु शर्मा ने कहा, 'बोल्ट सर्विस की लॉन्चिंग के बाद से शर्मा एंड विष्णु फास्ट फूड के डिलीवरी टाइम में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# करण के साथ रिश्ते पर चुम ने दी प्रतिक्रिया

बिग बॉस 18 में चुम दरांग और करण वीर मेहरा की बॉन्डिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। घर में अपने समय के दौरान करण ने चुम के लिए अपनी रोमांटिक फीलिंग्स के बारे में बात की थी, लेकिन चुम ने अपने एक्स के साथ सुलह की संभावना पर



संकेत दिया, जिसके साथ वह 10 साल से अधिक समय से रिश्ते में थीं। इस साल की शुरुआत में वैलेंटाइन डे पर करण ने चुम लिए अपने प्यार का इजहार किया और अपने रिश्ते की पुष्टि की।

अब चुम ने करण के साथ रिश्ते में होने से इनकार कर दिया। उन्होंने टाइम्स नाउ के साथ साक्षात्कार में कहा, हमारे बीच कुछ भी नहीं है, यह सिर्फ दोस्ती है। अगर भविष्य में मेरे साथ कुछ हुआ तो लोग इसके बारे में जान जाएंगे। मैंने 14 तारीख, वेलेंटाइन डे को कुछ पोस्ट किया और लोगों ने हमारे रिश्ते की पुष्टि की।

# 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में चढ़ा निक्की का पारा



इन दिनों रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में कई टीवी कलाकार नजर आ रहे हैं। इन्हीं में से एक निक्की तंबोली भी हैं। वह शो में काफी अच्छा खाना बनाती हैं, जज भी उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में निक्की का एक प्रतियोगी से झगड़ा हो गया। क्या है, इस झगड़े की वजह? कौन है वो दूसरा प्रतियोगी? इस झगड़े की वजह से निक्की क्यों हो रही हैं सोशल मीडिया ट्रोलिंग का शिकार? जानिए।

### गौरव खन्ना-निक्की के बीच झगड़ा

कुछ दिन पहले भी 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें निक्की और टीवी अभिनेता गौरव खन्ना के बीच एक कुकिंग टास्क के दौरान बहस हुई। इस बहस में निक्की ने गौरव को असुरक्षित आदमी बता दिया था। इस बात पर गौरव ने भी जवाब दिया था। गौरव ने कहा था कि ऐसा कहना निक्की की सोच को दिखाता है। इस बात से निक्की नाराज हो गईं। अब नए वायरल वीडियो में वह कह रही हैं, 'जब तक वो माफी नहीं मांगता है, मैं शो में नहीं आऊंगी।' यह बात निक्की, गौरव के लिए कह रही हैं।

### यूजर्स ने किया गौरव खन्ना को सपोर्ट

यह वायरल वीडियो सोनीटीवीऑफिशियल पर भी पोस्ट किया गया है। इस पोस्ट में सोशल मीडिया यूजर्स गौरव खन्ना को सपोर्ट करते नजर आए। एक यूजर्स का कहना है, 'गौरव आपने अच्छा किया, अपने सम्मान के लिए बोलना बहुत जरूरी है।।' वहीं दूसरा यूजर्स लिखता है, 'गलती भी निक्की की और सॉरी भी उसे ही सुनना है, ये क्या बात हुई।' एक अन्य यूजर्स ने लिखा, 'निक्की को अहमियत देनी की जरूरत नहीं है। ये कुकिंग शो है, कोई बिग बॉस नहीं है।'

### कौन है निक्की तंबोली

**निक्की तंबोली की बात की जाए तो वह हिंदी टीवी सीरियल्स में काम कर चुकी हैं। साथ ही साउथ फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। 'बिग बॉस 14' में भी निक्की ने हिस्सा लिया था। इन दिनों वह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में नजर आ रही हैं।**



## 31 साल छोटी अभिनेत्री के साथ

# काम करने पर सलमान खान बोले, रश्मिका और उनके पिता को एतराज नहीं

**हिंदी** फिल्मों के सुपरस्टार सलमान खान अपने फैंस को ईद पर अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' के साथ ईदी देंगे। रविवार को सलमान खान ने अपने फैंस के साथ फिल्म का ट्रेलर जारी किया। सलमान खान के इस ट्रेलर को फैंस की ओर से भरपूर प्यार मिला है। फैंस अब 30 मार्च का इंतजार कर रहे हैं, जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रविवार को सलमान खान और रश्मिका मंदाना 'सिकंदर' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उनसे फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार द्वारा छोटी अभिनेत्रियों के साथ काम करने के बारे में पूछा गया। हिंदी सिनेमा के भाईजान कहे जाने वाले इस अभिनेता ने मीडिया को बहुत ही व्यावहारिक जवाब देते हुए कहा, मेरे और हीरोइन के बीच 31 साल का अंतर है। हीरोइन को यह समस्या नहीं है। हीरोइन के पिता को यह समस्या नहीं है, तो आप लोगों को क्या समस्या है। सलमान जिस वक्त यह जवाब दे रहे थे। रश्मिका के चेहरे पर हंसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। सलमान खान ने आगे कहा कि जब इनकी शादी हो जाएगी, बच्ची हो जाएगी, बड़ी स्टार हो जाएगी तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी का परमिशन तो मिल ही जाएगा। सलमान खान ने इस दौरान फिल्म की अभिनेत्री की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रश्मिका जिस लगन से काम कर रही हैं वह तारीफ के काबिल है। सलमान ने बताया कि उन्हें पुष्पा-2 और सिंकदर की शूटिंग के दौरान पैर में चोट लगी थी। लेकिन, इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग जारी रखी। सलमान कि फिल्म सिकंदर के ट्रेलर में एक ऐसा शानदार नजारा दिखाया गया है जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगा। ट्रेलर में सलमान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, वह एक मिशन पर हैं। सिकंदर का उनका किरदार दमदार नजर आ रहा है।

यह फिल्म निर्माता के लिए एक और बड़ी सफलता साबित होने वाली है, जिनके पास ऐसी फिल्में बनाने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, जो न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि देश भर के दर्शकों के दिलों में जगह भी बनाती हैं।



# सेट पर शाहरुख के साथ दिखीं 'रईस' में नजर आई अभिनेत्री माहिरा खान

**पाकिस्तान** की अभिनेत्री माहिरा खान ने बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान के साथ सेट से एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर के सामने आते ही दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है। क्या माहिरा एक बार फिर शाहरुख के साथ काम करने जा रही हैं? क्या एक बार फिर दोनों की जोड़ी किसी फिल्म में नजर आने वाली है? जानिए क्या है पूरा माजरा। फिल्म 'रईस' में शाहरुख खान के साथ नजर आई पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान तो याद ही होंगी। माहिरा खान एक बार फिर शूटिंग पर शाहरुख खान के साथ नजर आईं। हाल ही में माहिरा खान ने अपने सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें साझा की, इन तस्वीरों ने दर्शकों के मन में उत्साह पैदा कर दिया। दरअसल, माहिरा खान ने अपने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो किसी अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही हैं। तस्वीर शूटिंग के सेट की है। इन तस्वीरों में माहिरा एक टी-शर्ट पहने हुए हैं, जिस पर किंग खान यानी शाहरुख खान की तस्वीर प्रिंट है। इनमें एक तस्वीर में माहिरा अपने नाम लिखी वैनिटी वैन के गेट पर खड़ी हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए माहिरा ने कैप्शन में लिखा, रविवार को काम कर रही हूं, लेकिन उनको (शाहरुख) साथ लाने से यह दिन मजेदार बन गया।

# कुणाल कामरा का पोस्टर शेयर कर स्वरा भास्कर ने लिखा TRUTH

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बगैर आपत्तिजनक टिप्पणी कर विवादों में घिर गए हैं। विवादों के बीच कामरा का अभिनेत्री स्वरा भास्कर समर्थन करती नजर आईं। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर उन्होंने मामले से जुड़े कई पोस्ट शेयर किए। कामरा की एक तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ट्रुथ। वहीं, दूसरी पोस्ट में स्वरा, एकनाथ शिंदे पर तंज कसती नजर आईं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल 'हैबिटेट क्लब' का जिक्र करते हुए लिखा, एकनाथ शिंदे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हैबिटेट मुंबई के बाकी हिस्सों की तरह दिखे! कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।



# बॉलीवुड फिल्मों पर बोले सनी देओल, कहा- हम खो गए हैं, बताया अच्छी फिल्म बनाने के लिए क्या करना होगा

बॉलीवुड के एक्शन स्टार सनी देओल की मच अवेटेड फिल्म 'जाट' का ट्रेलर आज लॉन्च हुआ। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन देखने को मिल रहा है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सनी देओल ने कई मुद्दों पर बात भी की है। इस दौरान सनी देओल ने ये भी बताया कि बॉलीवुड को फिरसे धमाकेदार वापसी करने के लिए क्या कुछ करना होगा।

ट्रेलर लॉन्च के दौरान सनी देओल से जब बॉलीवुड के डाउनफॉल को लेकर सवाल किया गया और पूछा गया कि कैसे बॉलीवुड फिरसे शानदार वापसी कर सकता है तो अभिनेता ने कहा, हम खो गए हैं। पहले, निर्देशक प्रोड्यूसर को कहानी सुनाते थे और उन्हें जब वो कहानी पसंद आती थी, तब वे फिल्म बनाते थे। मगर बाद में जब कॉर्पोरेट्स ने इस पूरी व्यवस्था में एंट्री की, तो पूरी व्यवस्था ही बदल गई और व्यावसायिक हो गई। फिल्म के टिकट



तक बहुत महंगे और व्यावसायिक हो गए। लोगों की रुचि खत्म हो गई। सब पैसे बनाने का चक्कर रह गया। हर कोई इसका दोषी है। फिल्ममेकर्स के अंदर अब वो भूख नहीं रही।

सनी ने आगे कहा, यह एक चक्र है और हमें उम्मीद है कि ये बदलेगा। यह रातों-रात नहीं बदलेगा, इसमें वक्त लग सकता है, लेकिन बदलेगा। जब मैं इस फिल्म पर काम कर रहा था, तो मैंने देखा कि निर्माताओं को फिल्म के मुद्दे और कहानी पर पूरा भरोसा है। इसलिए उन्होंने निर्देशक को पूरी छूट दी।

मैं मानता हूं कि निर्देशक कई बार बजट के ऊपर चले जाते हैं, लेकिन ऐसा इसलिए होता है क्योंकि निर्देशक उस सीन को और भी बेहतर व प्रभावशाली बनाने का प्रयास करता है। प्रोड्यूस की ओर से यह धैर्य और समझ बहुत जरूरी है। लेकिन हमारी फिल्मों में लोग कहने लगते हैं, समय हो गया है, अब तक शूट पूरा नहीं हुआ है, ये काट दो, ये सीक्वेंस हटा दो, क्या कर रहे हो, क्यों कर रहे हो जैसे सवाल करने लगते हैं। यहां हर कोई निर्देशक बन जाता है, जिससे निर्देशक का कोई काम ही नहीं बचता।

## सिकंदर ट्रेलर

# सलमान खान की ईद रिलीज में रोमांस और ड्रामा का तड़का



सलमान खान की आगामी ईद रिलीज़, सिकंदर का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित, ट्रेलर एक पूर्ण-विकसित मसाला एक्शन का वादा करता है, जो 30 मार्च को 70 मिमी स्क्रीन पर प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल और सत्यराज भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। तीन मिनट 38 सेकंड लंबे ट्रेलर में, टीजर की तरह ही दो चीजें हैं-80 और 90 के दशक की हिंदी फिल्मों की याद दिलाने वाली डायलॉगबाजी और जबरदस्त एक्शन। सलमान अन्याय के खिलाफ लड़ने के मिशन पर एक किलिंग मशीन की तरह हैं। सत्यराज एक भ्रष्ट राजनेता की भूमिका निभाते दिख रहे हैं, जबकि रश्मिका सलमान की प्रेमिका की भूमिका निभा रही हैं। ट्रेलर की शुरुआत वांटेड बोर्ड पर सलमान की तस्वीर से होती है। लेकिन जल्द ही हमें पता चलता है कि उन्हें राजकोट का राजा, राजा साहब, संजय साहब और सिकंदर साहब कहा जाता है। इसके बाद वह राजकोट से मुंबई चले जाते हैं, जहाँ वह सत्यराज के किरदार के साथ लड़ रहे हैं। लेकिन वह क्यों लड़ रहे हैं? सिकंदर के साथ क्या दुखद घटना घटती है? इसका जवाब 30 मार्च को पता चलेगा, जब सिकंदर सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# टीवी सितारों की लोकप्रियता को खेल से जोड़ने का अभिनव प्रयोग, चिड़िया-बल्ला लेकर जमीं पर उतरे सितारे



**टेलीविजन** जगत के मशहूर सितारे जब जयपुर की जमीं पर उतरे तो स्पोर्ट्स और ग्लैमर के संगम की एक नई कहानी की पहली इबारत यहां लिखी गई। छोटे परदे की हीरोइन नंबर वन कहलाने वाली गीतांजलि मिश्रा, 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' की बुआ जी यानी उपासना सिंह, उर्वशी ढोलकिया, दीपशिखा नागपाल के साथ साथ फलक नाज, आस्था चौधरी और गुरप्रीत चड्ढा ने राजस्थानी लोक नृत्यों के बीच सोने सी दमकती युवा बैडमिंटन लीग की ट्रॉफी जब लॉन्च की तो इन सितारों के चाहने वालों ने दिल खोलकर इनका स्वागत किया। छोटे शहरों में अपने लाखों चाहने वालों के बीच खेल के जरिये समावेशी समाज बनाने का संदेश पहुंचाने निकली इन अभिनेत्रियों को अपना मकसद पता है। नेट निंजास की ओनर गीतांजलि मिश्रा कहती हैं, ÷बैडमिंटन या जिसे गली मोहल्ले में हम चिड़िया बल्ला भी कहते हैं, एक ऐसा खेल है जिसे खेलने के लिए कोई भी कभी मना नहीं करता। दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में तो शायद ही ऐसा कोई परिवार हो जिसके घर में आपको बैडमिंटन का रैकेट न मिल जाए। जरूरत बस इन शहरों के खिलाड़ियों को लाइमलाइट में लाने की है और एक ऐसी लीग रचने की है जो देश में क्रिकेट और हॉकी के साथ साथ बैडमिंटन की लोकप्रियता को भी शीर्ष तक ले जाए।

लीग के संस्थापक प्रवीण जांगिड़ ने इस मौके पर कहा, भारतीय जनमानस में टेलीविजन धारावाहिकों ने अपना जो स्थान बनाया है, उसकी जगह कोई ले नहीं सकता। फिल्मों के सितारों को तो खेल से जोड़ने की कोशिशें तमाम हुई हैं, हमारी कोशिश घर परिवार में पहचानी जाने वाली इन अभिनेत्रियों के जरिये खेल को घर घर पहुंचाने की है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट, हॉकी और कबड्डी जैसी मशहूर स्पोर्ट्स लीग के पास छोटे परदे के सितारों का साथ नहीं है और यही सितारे इस लीग को देश की चुनिंदा लीग बनाएंगे।

सेलेब कोनेक्स के मालिक और लीग के को फाउंडर कैप्टन विनीत चतुर्वेदी की मानें तो टेलीविजन सितारों की इस लोकप्रियता के सहारे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'फिट इंडिया' की पहल को जन-जन को सुलभ कराना चाहते हैं।



# कन्नप्पा फिल्म की आलोचना करने वालों को मेकर्स की चेतावनी, कहा- लगेगा भगवान शिव का श्राप

**तेलुगु** अभिनेता और निर्माता विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा फिल्म कन्नप्पा सुर्खियों में है। हाल ही में फिल्म के प्रमोशनल इवेंट के दौरान, कास्ट मेंबर रघु बाबू की तरफ से दिए गए एक बयान ने इंटरनेट यूजर्स को निराश कर दिया है। तेलुगु 360 के मुताबिक इस कार्यक्रम में रघु बाबू ने ट्रोल्स को फिल्म की आलोचना करने पर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है अगर कोई कन्नप्पा फिल्म को ट्रोल करता है, तो उसे भगवान शिव के क्रोध और श्राप का सामना करना पड़ेगा... यह बयान इंटरनेट यूजर्स को पसंद नहीं आया। जबकि कुछ लोगों ने इस पर हंसी उड़ाई, कुछ यूजर्स ने इसे अजीब मार्केटिंग नौटंकी करार दिया।

एक रेडिट यूजर ने पोस्ट शेयर की और इस पर कई यूजर्स ने निराशा जाहिर की। एक यूजर ने मजाक में लिखा डर और धर्म देश में हमेशा काम आता है। मैंने बहुत सारे पाप किए हैं इसलिए मैं नर्क में जाउंगा। मुझे गर्म तेल में तला जाएगा। एक दूसरे यूजर ने लिखा ये कैसी बेहूदा मार्केटिंग है। हे भगवान। एक और यूजर ने लिखा कि मैं एक शिव भक्त के तौर पर कह रहा हूं कि उनके पास इतना समय नहीं है।

कन्नप्पा के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं। मोहन बाबू इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म हिंदू धर्म में भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की कथा पर आधारित है। कन्नप्पा में मुख्य भूमिका में विष्णु मांचू हैं, उनके साथ मोहन बाबू हैं। फिल्म में मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार और काजल अग्रवाल की विशेष कैमियो भूमिकाएं भी हैं।

साभार एजेंसी

**आईपीएल 2025:**

# आशुतोष ने शिखर धवन को समर्पित किया प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** 66 रनों की शानदार नाबाद पारी के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स पर दिल्ली कैपिटल्स को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाने के बाद, आशुतोष शर्मा ने अपना प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार अपने गुरु और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को समर्पित किया। आशुतोष के लिए इस पल को और भी खास बनाने वाली बात थी धवन के साथ एक खास वीडियो कॉल, जिसका वीडियो दिल्ली कैपिटल्स ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया और वायरल हो गया। वह वास्तव में बहुत खुश थे। लव यू पाजी, आशुतोष ने डीसी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कहा।

धवन और आशुतोष पिछले सीजन में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) में एक साथ खेले थे, इससे पहले कि पूर्व ने खेल से संन्यास की घोषणा की। धवन, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, पंजाब किंग्स में उनके साथ रहने के दौरान आशुतोष के गुरु थे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज, जो अपने नेतृत्व और संयम के लिए जाने जाते हैं, ने एक खिलाड़ी के रूप में आशुतोष के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। पंजाब किंग्स सेटअप से परे उनकी मेंटरशिप का विस्तार हुआ, जिसमें धवन के सकारात्मक प्रभाव ने कई युवा क्रिकेटरों के करियर को आकार दिया।

आशुतोष ने प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद कहा,पिछले साल से सबक लिया। पिछले सीजन में कुछ मौकों पर खेल खत्म करने से चूक गया। पूरे साल मैंने ध्यान केंद्रित किया और इसकी कल्पना की। मुझे विश्वास था कि अगर मैं आखिरी ओवर तक खेलता हूं, तो कुछ भी हो सकता है। विप्रज ने अच्छा खेला। मैंने उसे हिट करते रहने के लिए कहा। वह दबाव में बहुत शांत था। मैं यह पुरस्कार अपने गुरु शिखर पाजी को समर्पित करना चाहता हूं। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला



किया। एलएसजी के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम और मिशेल मार्श ने पावरप्ले ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया, इससे पहले मिचेल स्टार्क के डैथ ओवरों में शानदार प्रदर्शन ने डीसी को एलएसजी को 209/8 पर रोकने में मदद की।

210 रनों का पीछा करते हुए, इम्पैक्ट सब्सटीट्यूट के तौर पर आए आशुतोष ने 31 गेंदों पर नाबाद 66 रनों की पारी खेलकर मैच का रुख बदल दिया और डीसी को आईपीएल इतिहास में सबसे सफल रन चेज तक पहुंचाया।

इस बीच, 20 वर्षीय विप्रज ने 15 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली, जिसने पारी को गति देने में अहम भूमिका निभाई।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बोले महेंद्र सिंह धोनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब इम्पैक्ट प्लेयर नियम को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे लेकिन अब वह इसे टी20 क्रिकेट के विकास के एक हिस्से के रूप में देखते हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का यह 43 वर्षीय करिश्माई क्रिकेटर हालांकि खुद को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं क्योंकि वह अब भी अपनी टीम के पहली पसंद के विकेटकीपर हैं। धोनी ने कहा, 'जब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है। कुछ हद तक इसने मेरी मदद की और नहीं भी की। मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं इसलिए मैं इंपैक्ट प्लेयर नहीं हूं। मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं लेकिन मेरा मानना है कि खिलाड़ियों की सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है। इस नियम की भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों ने आलोचना की है। इन दोनों का मानना है कि इससे ऑलराउंडर प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि टीम इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका के लिए आक्रामक बल्लेबाजों को चुन रही हैं। धोनी ने कहा कि इस नियम से टीमों को कड़ी परिस्थितियों में एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं। यह मानसिकता से जुड़ा है।

टीमों के पास अब एक अतिरिक्त बल्लेबाज की सुविधा है, इसलिए वे अधिक आक्रामक तरीके से खेलते हैं। ऐसा नहीं है कि सभी चार या पांच अतिरिक्त बल्लेबाजों का उपयोग किया जा रहा है, यह सिर्फ उस बल्लेबाज के होने से मिला आत्मविश्वास है। टी20 क्रिकेट इसी तरह विकसित हुआ है।




## अंडर-23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा टीम ने जीता गोल्ड

**चंडीगढ, एजेंसी।** असम के गुवाहाटी में हुई पहली अंडर 23 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की पुरुष वर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम को हराते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। प्रतियोगिता 18 मार्च से 24 मार्च तक हुई है, फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम को 94-73 से हराकर हरियाणा की टीम ने गोल्ड मेडल जीता है।

प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में कर्नाटक, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु, प्री क्वार्टर फाइनल में बिहार और अपने लीग मैचों में मेघालय, पश्चिमी बंगाल व चंडीगढ़ की टीमों को हराया। कप्तान साहिल टाया के नेतृत्व में टीम ने तमाम मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ी राजन के अलावा दीपेंद्र, अंकुश, राहुल, अजय और लक्ष्य ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता विजयी होने पर कोच विनय श्योराण ने टीम को बधाई दी है, साथ ही कोच दीपक शर्मा तथा मैनेजर विशाल सिंह ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीम की मेहनत रंग लाई है। वहीं, टीम के खिलाड़ियों ने हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन के एडमिनिस्ट्रेटर एवं हिसार कमिश्नर ए श्रीनिवास का धन्यवाद करते हुए कहा कि सफलता के लिए उनका आभार, जिन्होंने अच्छे खिलाड़ियों को चयनित करके टीम के रूप में प्रतियोगिता में भेजा।

## श्रीलंका की अदालत ने मैच फिक्सिंग मामले में भारतीय को सुनाई 4 साल की सजा

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक को क्रिकेट मैच फिक्सिंग के 2024 के एक मामले में मंगलवार को चार साल के कठोर



कारावास की सजा सुनाई। योगी पटेल पर कैंडी में खेले गए लीजेंड्स लीग टी 20 टूर्नामेंट में मैच फिक्स करने की पेशकश के आरोप लगे थे। उस पर श्रीलंका की चयन समिति के अध्यक्ष उपुल थरंगा की शिकायत के आधार पर आरोप लगाए गए थे।

पटेल पर अदालत द्वारा यात्रा प्रतिबंध के बावजूद देश से भाग जाने के कारण उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया था। उसे पिछले साल मार्च में गिरफ्तार किया गया था और बाद में कड़ी शर्तों के तहत मई में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम घोषित की

**दुबई** –पाकिस्तान के खिलाफ चल रही पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के बाद मेजबान न्यूजीलैंड ने आगामी एकदिवसीय मैचों के लिए घोषित टीम में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को जगह दी है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ताओं ने आगामी तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए टीम की कमान टॉम लेथम को सौंपी है। जबकि सफेद गेंद कप्तान मिशेल सेंटनर टीम में नहीं होंगे। टीम में कई नए खिलाड़ियों को भी घरेलू टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड के प्रथम श्रेणी सर्किट में वेलिंगटन फायरबर्ड्स के लिए खेलने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज निक केली और बाएं

**दो अनकैप्ड खिलाड़ी टीम में**




हाथ के तेज गेंदबाज मुहम्मद अब्बास को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल रहे राचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स और सेंटनर टीम से बाहर है। पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में शतक बनाने वाले विल यंग, केली के साथ शीर्ष क्रम में शामिल होंगे। जबकि डेरिल मिशेल, माइकल ब्रेसवेल और नाथन स्मिथ मध्य क्रम में खेलेंगे।

गेंदबाजी की बात की जाये तो विल ओ'रुर्क, जैकब डफी, नाथन स्मिथ और बेन सियर्स चार-आयामी तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल होंगे। इस बीच, जैमीसन को आराम दिया गया है। स्पिन में ऑलराउंडर ब्रेसवेल के साथ 22 वर्षीय ऑकलैंड एसेस के लेग स्पिनर आदि अशोक शामिल होंगे। दूसरा एकदिवसीय मैकलीन पार्क, नेपियर में मैच दो अप्रैल, तीसरा एकदिवसीय मैच पांच अप्रैल को बे ओवल, माउंट माउंगानुई में होगा।

### न्यूजीलैंड की टीम

टॉम लैथम (कप्तान), मुहम्मद अब्बास, आदि अशोक, माइकल ब्रेसवेल, माक 'चैपमैन, जैकब डफी, मिच हे, निक केली, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्क, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और विल यंग।

**बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट:**

# श्रेयस अय्यर ही नहीं इनकी भी लगेगी लॉटरी !

● विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा को लग सकता है बड़ा झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक पुरुष टीम के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी नहीं किए हैं। इससे कई तरह की अटकलें लग रही हैं। खासकर ए+ कैटेगरी में बदलाव की बातें हो रही हैं।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। यही वजह है कि माना जा रहा है कि इन तीनों ही दिग्गजों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में घाटा हो सकता है। बता दें कि महिलाओं के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट जारी हो गई है। इसमें 16 नाम हैं और तीन कैटेगरी हैं। पुरुषों की लिस्ट में पिछली बार 30 नाम थे। संभावना है कि बोर्ड जल्द ही सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दे। ए+ कैटेगरी में 7 करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। ए कैटेगरी में खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपये मिलते हैं। ग्रेड-बी और सी में खिलाड़ियों को क्रमशः 3 करोड़ और 1 करोड़ रुपये मिलते हैं। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट राष्ट्रीय चयन समिति बनाती है। वे हेड कोच और सचिव (देवाजित सैकिया) से सलाह लेते हैं। फिर इसे मंजूरी के लिए एपेक्स काउंसिल के सामने रखा जाता है। खबर है कि सभी सीनियर खिलाड़ियों को ए+ कैटेगरी में रखने पर सबकी राय एक जैसी नहीं है। पिछले साल बुमराह, रोहित, कोहली और जडेजा को टॉप कैटेगरी में रखा गया था। ए+ कैटेगरी में उन खिलाड़ियों को रखा जाता है जो तीनों फॉर्मेट में हमेशा खेलते हैं। अब कोहली, रोहित और जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। इसलिए वे सिर्फ दो फॉर्मेट में खेलने वाले खिलाड़ी रह गए हैं। सिर्फ बुमराह ही ऐसे हैं जो तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं। वह टेस्ट के कप्तान भी बन सकते हैं।

# उनका रवैया किसी शेर जैसा..., नवजोत सिद्धू ने धोनी और कोहली की तारीफ में पढ़े कसीदे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को मौजूदा दौर के आइकन के रूप में जाना जाता है। दोनों ने क्रिकेट को रोमांचक बनाने के लिए काफी योगदान दिया है। दोनों ही 2008 से लेकर अब तक आईपीएल का हिस्सा हैं। इस बीच भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि ये दोनों दिग्गज संस्था किसी से कम नहीं हैं। सिद्धू ने कहा कि समकालीन खिलाड़ियों के फीके पड़ने के बाद भी कोहली और धोनी की प्रासंगिकता कम नहीं होगी।दरअसल, 28 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला जाना है। इस मुकाबले को लेकर पूछे जाने पर सिद्धू ने कहा, लोग कोहली और धोनी को आइकन कहते हैं, लेकिन मैं उन्हें संस्थाएं कहता हूं। विराट कोहली का नाम पीढ़ियों तक रहेगा। धोनी का नाम पीढ़ियों तक रहेगा।



उन्हें लंबे समय तक दुनिया भर में अपने वर्चस्व को स्थापित करने और सभी प्रारूपों में खुद को ढालने के लिए जाना जायेगा। उनका रवैया किसी शेर जैसा है। सिद्धू ने कहा, इन दोनों ने अपने करिश्मे और आकर्षण से पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। पूरी दुनिया में उन्हें रोल मॉडल माना जाता है। गली के बच्चे विराट कोहली बनना चाहते हैं। उनका प्रभाव इस तरह का है। सिद्धू ने धोनी को खास खिलाड़ी करार देते हुए कहा, वह भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहे हैं।

वह साथी खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरने में सफल रहे हैं। वह सामान्य खिलाड़ियों को विशेष बनाने में माहिर हैं।सिद्धू ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में धोनी की स्टंपिंग का जिक्र करते हुए कहा, धोनी 43 साल के हैं, लेकिन आपने देखा होगा कि उन्होंने किस तरह से स्टंप किया। उन्होंने बिजली की गति से तेजी से गिल्लियां बिखेर दी थीं। मेरा कहने का मतलब यह है कि युवा खिलाड़ी भी इतनी फुर्ती नहीं दिखा सकते हैं। वह इस तरह से लोगों को प्रेरित करते हैं।

# मेरी कप्तानी में ऐसा ही होगा, आदत बना लो, लखनऊ पर रोमांचक जीत के बाद बोले दिल्ली के कप्तान अक्षर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को आईपीएल मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली एक विकेट की रोमांचक जीत के बाद कहा कि इसे आदत बना लो क्योंकि मेरी कप्तानी में ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा, मेरे फैसले लेने की प्रक्रिया भी कुछ इसी तरह की है, इसलिए कुछ भी हो सकता है। कभी-कभी प्रशंसकों को गुस्सा भी होगा। अभी हम जीत गए हैं, इसलिए कोई कुछ नहीं कहेगा। अक्षर ने कहा, आईपीएल में हमने बहुत कुछ देखा है। पावरप्ले में चार विकेट गंवाना और फिर मैच जीतना, ऐसा बहुत बार नहीं देखा। पर अब क्रिकेट बदल रहा है। इसलिए आपको बस क्रीज पर रहना और कोशिश करनी है। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा, हमने अच्छा स्कोर खड़ा किया था। हम इस हार से सीखेंगे और सुधार करने का प्रयास करेंगे। यह कहना आसान है कि कहां गलती हुई। उनके लिए ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। एक और खिलाड़ी विप्रज निगम ने मिलकर मैच दिल्ली के पक्ष में कर दिया। दिल्ली कैपिटल्स के आशुतोष शर्मा 'मैन ऑफ द मैच' रहे जिन्होंने 31 गेंद में नाबाद 66 रन की पारी खेलकर जीत दिलाई। आशुतोष शर्मा की अर्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को एक विकेट से हराकर अपने अभियान का आगाज किया। सोमवार को विशाखापत्तनम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 209 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.3 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 211 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की खराब शुरुआत हुई थी। जैक फ्रेजर मैकगर्क एक रन बनाकर आउट हुए।

# शांतिसैनिकों के खिलाफ अपराध करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाए : सुरक्षा परिषद में भारत

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा कि शांति स्थापना का कार्य बहुत ही चुनौतीपूर्ण है और इसमें शांतिसैनिकों को गैर-सरकारी तत्वों, सशस्त्र समूहों तथा आतंकवादियों से जूझना पड़ता है। भारत ने यह भी कहा कि जटिल संघर्षों और खतरों के इस युग में शांति स्थापना के खिलाफ अपराध करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। ये टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अनुकूलता को बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस के दौरान कीं। उन्होंने कहा, आज संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों को गैर-सरकारी तत्वों, सशस्त्र समूहों, आतंकवादियों और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्कों की मौजूदगी से जूझना पड़ रहा है। प्रौद्योगिकी प्रगति ने गलताअभद्राभ्रामक सूचना और घृणास्पद भाषण, ड्रोन, आईईडी आदि सहित नए युग के हथियारों के रूप में नई चुनौतियां पैदा की हैं।**



ये कुछ नई वास्तविकताएं हैं, जिनका शांतिसैनिकों को सामना करना पड़ रहा है। राजदूत ने कहा, शांतिसैनिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। जटिल संघर्षों और विषम खतरों से भरे इस युग में, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शांति के लिए अपनी जान जोखिम में डालने वालों को पर्याप्त सुरक्षा मिले और शांतिसैनिकों के खिलाफ अपराध करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सैन्यापुलिस योगदान देने वाले देशों को शत्रुतापूर्ण वातावरण में प्रभावी ढंग से काम करने के लिए उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपने कार्मिकों की क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। हरीश ने कहा, भारत अपने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) में आधुनिक शांति स्थापना की विशिष्ट मांगों का समाधान करने वाले पाठ्यक्रमों को तैयार करने और पेश करने का इच्छुक है, जो दो दशकों से अधिक समय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांतिसैनिकों को प्रशिक्षण दे रहा है। इस बात पर जोर देते हुए कि उन्नत निगरानी, संचार और डेटा विश्लेषण उपकरणों के उपयोग को शांति अभियानों में एकीकृत किया जाना चाहिए, ताकि स्थितिजन्य जागरूकता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं में सुधार हो सके, हरीश ने कहा कि भारत इस संबंध में प्रौद्योगिकी सक्षमकर्ता के रूप में अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि शांति स्थापना के लिए आधुनिक चुनौतियों का मुकाबला करने के वास्ते शांति स्थापना मिशन को पर्याप्त रूप से वित्त और संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। सितंबर 2024 तक 10 अभियानों में शामिल 153 महिलाओं सहित 5,384 कर्मियों के साथ भारत संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में योगदान देने वाले शीर्ष देशों में शामिल है। लगभग 180 भारतीय शांतिसैनिकों ने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। यह संख्या सैन्य योगदान देने वाले किसी भी अन्य देश के मुकाबले ज्यादा है।

## पाक का जम्मू-कश्मीर के हिस्से पर अवैध कब्जा जारी, जो उसे खाली करना होगा : भारत




**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि वह जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा जारी रखे हुए है, जो उसे खाली करना होगा। ये टिप्पणियां सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अनुकूलता को बढ़ावा देने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की खुली बहस में कीं। वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के संदर्भ में बोल रहे थे। हरीश ने कहा, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा जारी रखा है, जो उसे खाली करना होगा। हरीश की यह कड़ी प्रतिक्रिया पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने के बाद आई। उन्होंने कहा, इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके (पाकिस्तान के) अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार से आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। हरीश ने कहा, हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश न करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अधिक विस्तृत उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने से बचेगा।

सोनोवाल सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा

# भारत और सिंगापुर ने ग्रीन एंड डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर के लिए मिलाया हाथ

» सिंगापुर, भाषा।

**सिंगापुर और भारत ने ग्रीन डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (जीडीएससी) के लिए मंगलवार को एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण और बंदरगाह, पोत परिवहन मंत्रालय की ओर से जारी संयुक्त विज्ञप्ति के अनुसार, सिंगापुर-भारत जीडीएससी से दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा तथा शून्य या लगभग शून्य जीएचजी उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों के विकास, इस्तेमाल तथा डिजिटल समाधानों को अपनाने में तेजी लाने में मदद मिलेगी। बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि समुद्री क्षेत्र के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ उनकी सिंगापुर यात्रा से दीर्घकालिक संबंध मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि व्यापक रणनीतिक साझेदारी दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा और व्यापक बनाएगी।**



सोनोवाल सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। वह समुद्री सप्ताह में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें दुनिया भर से 20,000 प्रतिनिधियों और प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। आशय पत्र के तहत, दोनों पक्ष समुद्री डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे। इसमें उन प्रासंगिक हितधारकों की पहचान करना शामिल है जो इस प्रयास में योगदान दे सकते हैं। साथ ही सिंगापुर-भारत जीडीएससी पर समझौता ज्ञापन के जरिए साझेदारी को औपचारिक रूप देने की दिशा में काम करेंगे आशय पत्र पर जल एवं जलमार्ग मंत्रालय में संयुक्त सचिव आर. लक्ष्मणन और सिंगापुर समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी तेओ इंग दिन्ह ने हस्ताक्षर किए। सिंगापुर के वरिष्ठ स्थायित्व एवं पर्यावरण राज्य मंत्री एमी खोर तथा पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल यहां आशय पत्र पर हस्ताक्षर के समय उपस्थित रहे। समुद्री सप्ताह 24 से 28 मार्च 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी है, जिसमें हरित समुद्री ईंधन का प्रमुख उत्पादक तथा निर्यातक बनने की क्षमता है ...साथ ही प्रमुख ट्रांस-शिपमेंट और बंकरिंग केंद्र के रूप में सिंगापुर एक गतिशील अनुसंधान व नवाचार परिवेश का समर्थन करता है।

# जापान की अदालत ने यूनिफिकेशन चर्च भंग करने का आदेश दिया

» तोक्यो, भाषा।

**जापान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 2022 में हुई हत्या के मामले की जांच के दौरान किए गए सरकार के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और यूनिफिकेशन चर्च को भंग करने का आदेश दे दिया। तोक्यो जिला अदालत द्वारा यूनिफिकेशन चर्च के कानूनी दर्जे को रद्द किए जाने का मतलब है कि वह कर से छूट का अपना विशेषाधिकार खो देगा और उसे अपनी संपत्तियां बेचनी होंगी। हालांकि यूनिफिकेशन चर्च इस निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालयों में अपील कर सकता है। यह आदेश दक्षिण कोरिया स्थित इस प्रभावशाली संप्रदाय को भंग करने के जापान के शिक्षा मंत्रालय के अनुरोध के बाद दिया गया है। मंत्रालय ने यह अनुरोध करते समय संप्रदाय द्वारा हेरफेर करके धन एकत्र किए जाने और भर्ती रणनीतियां अपनाए जाने का हवाला दिया था।**



इन रणनीतियों से इसके अनुयायियों में भय पैदा हुआ और उनके परिवारों को नुकसान पहुंचा। यूनिफिकेशन चर्च की जापानी शाखा ने इस अनुरोध की आलोचना करते हुए इसे अपने अनुयायियों की धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के लिए गंभीर खतरा बताया था। आबे की 2022 में हुई हत्या की जांच के दौरान यूनिफिकेशन चर्च और जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच दशकों पुराने मधुर संबंधों का पता चला है। आबे के दादा और पूर्व प्रधानमंत्री नोबुसुके किशी द्वारा समर्थित कम्युनिस्ट-विरोधी आंदोलन के बीच यूनिफिकेशन चर्च को 1968 में जापान में धार्मिक संगठन के रूप में कानूनी दर्जा प्राप्त हुआ था। आबे की हत्या के आरोपी ने गिरजाघर के प्रति नाराजगी जताई थी और अपने परिवार की वित्तीय परेशानियों के लिए इसे जिम्मेदार ठहराया था। यह गिरजाघर खुद को आधिकारिक तौर पर फैमिली फेडरेशन फॉर वर्ल्ड पीस एंड यूनिफिकेशन कहता है। यह जापान की नागरिक संहिता के तहत निरसन आदेश का सामना करने वाला पहला धार्मिक समूह है।

## न्यूयॉर्क में भारत के वाणिज्य दूतावास में बिहार दिवस मनाया गया




**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में बिहार दिवस मनाने के लिए शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति एवं विरासत को सराहा गया और राज्य से संबंध रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के चार विशिष्ट सदस्यों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बिहार फाउंडेशन यूएसए (ईस्ट कोस्ट) ने बताया कि यह आयोजन उसके, भारतीय वाणिज्यदूतावास और बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बीजेएएनए) के सहयोग से किया गया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए जिन्होंने बिहार की संस्कृति, उसके द्वारा की गई प्रगति और दुनियाभर में उसकी बढ़ती मौजूदगी को सराहा। इस अवसर पर महेश कुमार ( टाइगर एनालिटिक्स के संस्थापक), डॉ. अभिषेक तिवारी ( केपीएमजी कंपनी के ग्लोबल हेड ऑफ पीपल ), शरद कुमार ( बैंक ऑफ अमेरिका के प्रबंध निदेशक) और कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश झा को बिहार विश्व गौरव सम्मान दिया गया। इन सभी को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्त, कृषि और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस दौरान शुभकामना संदेश दिए। बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने महेश कुमार की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पटना में आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए तथा अपनी भूमि के लिए काम करना चाहिए। न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्यदूत बिनय प्रधान ने बिहार के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए नालंदा विश्वविद्यालय, भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री आर्यभट्ट का उल्लेख किया। बिहार फाउंडेशन पटना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुंदन कुमार ने बिहार से संबंध रखने वाले प्रवासी समुदाय की भलाई के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई और प्रवासी भारतीय शिकायत निवारण केंद्र की स्थापना की घोषणा की। इस मौके पर बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका एवं पद्म विभूषण से सम्मानित दिवंगत शारदा सिन्हा का एक वीडियो प्रसारित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यह वीडियो उनके बच्चों ने तैयार किया था।

न्यूज ब्रीफ

## अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर किए हवाई हमले, दो लोगों की मौत

» दुबई, भाषा।



**यमन में हूती विद्रोहियों पर मंगलवार को किए गए अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। समुद्री व्यापार और इजराइल के लिए खतरा बने विद्रोहियों पर अमेरिकी हमले 10वें दिन भी जारी हैं और फिलहाल इस हमले के रुकने का कोई संकेत नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर किए जा रहे इन हमलों का उद्देश्य विद्रोही समूह को निशाना बनाना और उनके प्रमुख समर्थक ईरान पर दबाव बनाना है।**

ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वॉल्ट्ज ने दावा किया कि इन हमलों में हूती नेतृत्व के कई अहम सदस्य मारे गए हैं। वॉल्ट्ज ने रविवार को टेलीविजन नेटवर्क सीबीएस के फेस द नेशन कार्यक्रम में बताया कि हूती विद्रोहियों के मुख्यालय, संचार केंद्र, हथियार निर्माण इकाइयों और यहां तक कि ड्रोन निर्माण सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है। हूती विद्रोहियों ने बताया कि अमेरिकी हवाई हमलों ने सादा शहर, रेड सी बंदरगाह शहर होदेदा और मारीब प्रांत को भी निशाना बनाया, जहां अब भी यमन की निर्वासित सरकार के सहयोगियों का नियंत्रण है। इन हमलों के बीच हूती विद्रोहियों ने भी इजराइल पर मिसाइल हमला किया। यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की शुरुआत 15 मार्च को हुई थी।

# जैसे पर्वतीय हिमनद पिघलेंगे, लाखों लोगों के लिए अचानक भीषण बाढ़ का खतरा बढ़ेगा

» बोल्डर (अमेरिका), भाषा।

**वैश्विक तापमान के बढ़ने से दुनियाभर की पर्वत श्रृंखलाओं में हिमनद (ग्लेशियर) पिघल रहे हैं। यूरोप के आल्पस और पाइरेनीज वर्ष 2000 से 2023 तक अपने हिमनदों का 40 फीसदी गंवा चुके हैं। आल्प्स व पाइरेनीज सहित अन्य हिमक्षेत्र सदियों से निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को मीठे पानी की आपूर्ति करते रहे हैं और आज लगभग दो अरब लोग इन हिमनदों पर निर्भर हैं। लेकिन जैसे-जैसे हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं, ठीक वैसे-वैसे संभावित रूप से जोखिम भी बढ़ता जा रहा है। पिघली बर्फ का पानी अक्सर उन जगहों पर जमा होने लगता है, जहां कभी ग्लेशियर हुआ करते थे और इससे बड़ी झीलें बन जाती हैं। इनमें से कई बड़ी झीलें सदियों से हिमनद वाली जगहों पर बनी हैं, जहां बर्फ के बड़े-बड़े टुकड़े रहे थे। इन विशालकाय बर्फ के पहाड़ों के पीछे बहुत ज्यादा पानी या झीलें होती हैं और जब भी हिमस्खलन से ये जगह खिसकती है तो भारी मात्रा में पानी और मलबा पहाड़ी घाटियों में बह जाता और रास्ते में आने वाली हर चीज को नष्ट कर देता है।**



इन खतरों और मीठे पानी की आपूर्ति को होने वाले नुकसान के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने 2025 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ ग्लेशियर प्रिजर्वेशन और 21 मार्च को पहला विश्व ग्लेशियर दिवस घोषित किया। एक पृथ्वी वैज्ञानिक और पर्वत भूगोलवेत्ता के रूप में, हम इस बात का अध्ययन करते हैं कि बर्फ के पिघलने से आस-पास के पहाड़ी ढलानों और हिमनद झीलों की स्थिरता पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। हम बढ़ती चिंता के कई कारण देखते हैं। अधिकांश हिमनद झीलें 1860 के दशक में तापमान में बढ़ोतरी के ट्रेंड से एक सदी पूर्व से ही बनना शुरू हुई थीं लेकिन 1960 के दशक से इन झीलों की संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि हुई। हिमालय, एंडीज, आल्प्स, रॉकी पर्वत, आइसलैंड और अलास्का में रहने वाले कई लोगों ने हिमनद झीलों में पानी बढ़ जाने के कारण बाढ़ का अनुभव किया है। अक्टूबर 2023 में हिमालय में हिमनद झील में पानी बढ़ने से आई बाढ़ ने 30 से ज्यादा पुलों को क्षतिग्रस्त कर दिया था और 200 फुट ऊंचे जलविद्युत संयंत्र को नष्ट कर दिया था। इन झीलों के आस-पास रहने वाले लोगों को बहुत देर से चेतावनी मिली और जब तक आपदा खत्म हुई, तब तक 50 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी थी। हाल के वर्षों में अलास्का के जूनो में मेन्डेनहॉल ग्लेशियर की एक हिस्से पर बर्फ से बनी झील के कारण कई बार अचानक बाढ़ आई है। ये बाढ़, जिनमें 2024 की बाढ़ भी शामिल है, पिघलते ग्लेशियर के कारण आई थीं। हिमस्खलन, चट्टानों का गिरना और ढलानों में दरारें भी हिमनद झील के विस्फोट से बाढ़ का कारण बन सकती हैं। ये घटनाएं जमी हुई सतह के रूप में अधिक आम होती जा रही हैं, जिसे पर्माफ्रॉस्ट पिघलना कहा जाता है, जिससे पर्वतीय परिदृश्यों से क्रायोस्फेरिक गोंद गायब हो रहा है, जो पहले उन्हें एक साथ बांधे रखता था। जब ये चट्टानें झीलों में गिरती हैं तो बहुत बड़ी लहरें पैदा कर सकती हैं। बड़ी लहरों से पानी मुहाने से बाहर निकल जाता है, जिससे बाढ़ के रूप में पानी, गाद और मलबा आ सकता है। यह खतरनाक मिश्रण 20 से 60 मील प्रति घंटे की गति से नीचे की ओर बहता है, जिससे घर और उसके रास्ते में आने वाली हर चीज नष्ट हो सकती है। जहां जोखिमों को प्रबंधित नहीं किया जा सकता है, वहां लोगों को निर्माण कार्य करने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। शिक्षा ने बाढ़ के जोखिम के बारे में जागरूकता पैदा करने में मदद की है, लेकिन आपदाएं फिर भी जारी हैं। हिमनद झीलों में पानी बढ़ने से आने वाली बाढ़ की नाटकीय प्रकृति अक्सर सुर्खियों में रहती है लेकिन ए एकमात्र जोखिम नहीं हैं। जैसे-जैसे वैज्ञानिक इस बारे में अपनी समझ बढ़ा रहे हैं कि कैसे दुनिया के बर्फीले क्षेत्र वैश्विक तापमानवृद्धि की चपेट में आ रहे हैं और वे कई अन्य घटनाओं की पहचान कर रहे हैं, जो समान रूप से इस विनाशकारी घटना को जन्म दे सकती हैं। उदाहरण के लिए, एंग्लेशियल कंड्यूट बाढ़, ग्लेशियरों के अंदर उत्पन्न होती है, आमतौर पर खड़ी ढलानों पर। पिघला हुआ पानी बर्फ की गुफाओं के अंदर इकट्ठा हो सकता है। संभवतः सतह पर बने तालाब हुई तेजी से जल निकासी के कारण एक गुफा से दूसरी गुफा में पानी का अचानक बढ़ना एक श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया को शुरू करता है, जो (हिमनद) झील से निकलकर बाढ़ का रूप ले लेती है। पहाड़ों पर जमी बर्फ पिघलने से भी बाढ़ आ सकती है। चट्टान, बर्फ और मिट्टी का यह स्थाई रूप से जमी हुई परत हज़ारों सालों से 19,685 फ़ीट (6,000 मीटर) से ज़्यादा की ऊँचाई पर मौजूद है। बर्फ जमने से पहाड़ों को एक साथ रखने में मदद मिलती है, लेकिन जैसे-जैसे पर्माफ्रॉस्ट पिघलता है, ठोस चट्टान भी कम स्थिर हो जाती है और टूटने की संभावना अधिक होती है। जबकि बर्फ और मलबे के अलग होने और विनाशकारी और खतरनाक मलबे के प्रवाह में बदलने की संभावना अधिक होती है। वर्ष 2017 में नेपाल की 20,935-फुट (6,374-मीटर) सलदीम चोटी की ठोस चट्टान का लगभग एक तिहाई हिस्सा ढह गया और नीचे लैंगमाले ग्लेशियर पर गिर गया। हवा के माध्यम से गिरने वाली चट्टानों के घर्षण से उत्पन्न गर्मी से बर्फ पिघल गई।

## टिकाऊ विमान ईंधन भारत के लिए एक अवसर : एयरबस सीईओ

» टूलूज (फ्रांस), भाषा।

**एयरबस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गियोम फाउरी ने कहा है कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करने वाला टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) भारत के लिए एक अवसर बन सकता है। एयरबस को भारत में बहुत अधिक संभावनाएं दिखाई देती हैं, जो दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में शामिल है। उन्होंने कहा कि कंपनी के लिए भारत का मतलब वृद्धि है। भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने एयरबस को सैकड़ों विमानों के ऑर्डर दिए हैं।**

कंपनी के पास भारत में सी295 विमान के लिए संयुक्त उद्यम में फाइनल असेंबली लाइन (एफएलए) है और इस साल हेलीकॉप्टर एच125 के लिए एक एफएएल स्थापित किया जाएगा। फाउरी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, एसएएफ भारत के लिए एक अवसर है... टिकाऊ ईंधन भारत के एजेंडा में सबसे ऊपर है... भारत में वैश्विक विमानन कारोबार का बड़ा हिस्सा है। इसलिए भारत की वैश्विक व्यवस्था में बड़ी भूमिका और बड़ी जिम्मेदारी है। वह टूलूज में एयरबस शिखर सम्मेलन 2025 के दौरान बात कर रहे थे।

फिल्म ने 2024 में बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव से लेकर कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते

# ऑस्कर विजेता फलस्तीनी निर्देशक पर इजराइली बस्तीवासियों ने हमला किया, सेना ने हिरासत में लिया

» यरूशलम, भाषा।

**वेस्ट बैंक में इजराइली बस्ती के लोगों ने ऑस्कर विजेता वृत्तचित्र नो अदर लैंड के एक फलस्तीनी सह-निर्देशक को सोमवार को पीटा, जिसे बाद में इजराइली सेना ने हिरासत में ले लिया। यह जानकारी सह-निर्देशक के दो साथी निर्देशकों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने दी। फिल्मकार हमदान बल्लाल की वकील लीह सेमेल ने बताया कि उनके मुवक्किल हमदान सुसिया गांव में हिरासत में लिए गए तीन फलस्तीनियों में से एक हैं। वकील के अनुसार पुलिस ने उन्हें बताया कि तीनों को उपचार के लिए एक सैन्य अड्डे पर रखा गया था।**



हालांकि वकील ने मंगलवार सुबह कहा कि वह उनसे संपर्क नहीं कर पा रही हैं और वे कहां हैं, उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। एक अन्य सह-निर्देशक बेसल अद्रा जोकि हिरासत में लिए जाने की घटना की प्रत्यक्षदर्शी है, ने बताया कि लगभग दो दर्जन बस्तीवासियों ने गांव पर हमला किया। उसने कहा कि हमलावरों में कुछ नकाबपोश, कुछ के पास बंदूकें और कुछ इजराइली वर्दी में थे। उन्होंने बताया कि वहां पहुंचे सैनिकों ने फलस्तीनियों पर अपनी बंदूकें तान दीं, जबकि निवासी पथराव करते रहे। अद्रा ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, हम ऑस्कर से वापस आए हैं और तब से हर दिन हम पर हमला हो रहा है। हो सकता है कि यह फिल्म बनाने के लिए हमसे बदला लेने के लिए हो। यह एक सजा की तरह लगता है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सेना पर पथराव करने के संदेह में तीन फलस्तीनियों को जबकि एक इजराइली नागरिक को इजराइलियों और फलस्तीनियों के बीच हिंसक टकराव में शामिल होने के लिए हिरासत में लिया है। हालांकि एपी द्वारा लिए गए साक्षात्कार में प्रत्यक्षदर्शियों ने इस दावे का खंडन किया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने उन्हें पूछताछ के लिए इजराइली पुलिस को सौंप दिया है और एक इजरायली नागरिक को चिकित्सा उपचार के लिए क्षेत्र से निकाला है। इस साल ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र के लिए पुरस्कार जीतने वाली नो अदर लैंड में मसाफर याट्टा इलाके के निवासियों द्वारा इजराइली सेना को उनके गांवों को ध्वस्त करने से रोकने के संघर्ष को दर्शाया गया है। मसाफर याट्टा के रहने वाले बल्लाल और अद्रा ने इजराइली निर्देशक युवल अब्राहम और रेचल सोर के साथ मिलकर संयुक्त फलस्तीनी-इजरायली प्रोडक्शन बनाया है। फिल्म ने 2024 में बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव से लेकर कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। इस वृत्तचित्र को लेकर इजराइल और विदेशों में भी नाराजगी उत्पन्न हुई है। अद्रा ने कहा कि सोमवार शाम को रमजान के लिए निवासियों द्वारा रोज़ा खोलने के कुछ ही समय बाद बस्तीवासी गांव में घुस आए। अद्रा के अनुसार एक बस्तीवासी सेना के साथ बल्लाल के घर पर आया और सैनिकों ने हवा में गोली चलाई। अद्रा के अनुसार उक्त बस्तीवासी गांव पर अक्सर हमला करता है। अद्रा के अनुसार बल्लाल की पत्नी ने सुना कि उनके पति को बाहर पीटा जा रहा है। अद्रा ने फिर सैनिकों को बल्लाल को हथकड़ी और आंखों पर पट्टी बांधकर उनके घर से एक सैन्य वाहन में ले जाते देखा। अद्रा द्वारा कही गई बातों की एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने एपी से फोन पर बात करते हुए पुष्टि की। घटनास्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं में से एक जोश किमेलमैन ने एपी को बताया कि पत्थरों और लाठियों से लैस 10-20 नकाबपोश लोगों के एक समूह ने सेंटर फार जूइश नॉनवायलेंस पर भी हमला किया, उनकी कार की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए।

# यूक्रेन को लेकर अमेरिका-रूस वार्ता जारी रहने की संभावना, पर अभी तक कोई ठोस योजना नहीं : क्रेमलिन

» मॉस्को, भाषा।

**यूक्रेन में प्रस्तावित युद्ध विराम को लेकर सोमवार को एक दौर की वार्ता के बाद अमेरिका और रूस के अधिकारियों के आगे भी संपर्क में रहने की संभावना है, लेकिन अभी तक कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। क्रेमलिन के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका और रूस के वार्ताकारों ने यूक्रेन में तीन साल से जारी युद्ध में आंशिक विराम से जुड़े ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए सऊदी अरब की राजधानी में सोमवार को पूरे दिन वार्ता की। एक दिन पहले अमेरिकी अधिकारियों ने कीव की एक टीम के साथ रियाद में अलग से बातचीत की थी। तीस-दिवसीय सीमित युद्ध विराम तक पहुंचने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा है, जिस पर मॉस्को और कीव पिछले सप्ताह सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए थे।**



दोनों पक्ष ड्रोन और मिसाइलों से एक-दूसरे पर हमला करना जारी रखे हुए हैं और इस बात पर असहमति है कि हमलों पर रोक के तहत किस तरह के लक्ष्य शामिल किए जाएंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि रियाद में वार्ता के परिणाम का वर्तमान में मॉस्को और वाशिंगटन द्वारा विश्लेषण किया जा रहा है, लेकिन चर्चा की गई किसी भी जानकारी को सार्वजनिक करने की क्रेमलिन की कोई योजना नहीं है। संभावित आंशिक युद्ध विराम के बारे में मॉस्को और कीव की अपनी अलग-अलग व्याख्याएं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दोनों देशों के नेताओं से युद्ध विराम पर बात करने के बाद भी यह स्थिति है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि आंशिक युद्ध विराम में ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हमलों को समाप्त करना शामिल होगा, लेकिन क्रेमलिन ने घोषणा की है कि समझौता अधिक संकीर्ण रूप से ऊर्जा संबंधी बुनियादी ढांचे को संदर्भित करता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रेलवे और बंदरगाह जैसे स्थलों को भी सुरक्षित देखना चाहेंगे।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,